■ माघ शुक्ल - 2 ■ संवत 2080 ■ वर्ष - 11 ■ अंक - 169 ■ पृष्ठ - 8 ■ रु. 5/- चेन्नई » शनिवार » 13-01-2024 ■ www.dakshinbharat.com ■ Email : chennai@dakshinbharat.com

# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

தக்ஷின் பாரத் ராஷ்ட்ரமத் | தினசரி ஹிந்தி நாளிதழ் | चेन्नई और बेंगलूरु से एक साथ प्रकाशित



5 जो आस्था रखते हैं वो कभी भी अयोध्या जा सकते हैं : खरगे

6 श्रीराम के निमंत्रण को ठुकराने की अपरिपक्व राजनीति

7 मेरा एकमात्र काम लोगों का मनोरंजन करना है : सलमान






## फर्स्ट टेक

### चीन में कोयला खदान में 61 लोग फंसे, 14 लापता

**बीजिंग/एजेन्सी।** चीन में हेनान प्रांत के पिंगदिंगशान शहर में एक कोयला खदान में शुक्रवार को हुई दुर्घटना में 61 लोग फंसे गए और 14 लापता हैं। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। दुर्घटना मध्य चीन के हेनान प्रांत के पिंगदिंगशान शहर में दोपहर करीब दो बजे हुई। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि यह हादसा वायुमार्ग के बाहरी भाग में कोयले और गैस के विस्फोट के कारण हुआ था। स्थानीय अधिकारियों ने बचाव अभियान शुरू कर दिया है। दुर्घटना की जांच की जा रही है।

### चीन ने किया मालदीव को वित्तीय सहायता देने का वादा

**बीजिंग/एजेन्सी।** चीन ने हिंद महासागर के द्वीप समूहों के साथ संबंधों को आगे बढ़ाने के बाद मालदीव में बुनियादी ढांचे के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने का वादा किया है।
क्षेत्र में प्रभुत्व बढ़ाने को लेकर भारत और चीन के बीच जारी तनातनी के बीच मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू को चीन के साथ 'मजबूत संबंध' बनाने और भारतीय सैनिकों को बाहर निकालने के वादे पर सितंबर में चुना गया था। मुइज्जू इस सप्ताह मालदीव के सबसे बड़े बाहरी ऋणदाता, चीन की अपनी पहली राजकीय यात्रा पर निकले और गुरुवार को दोनों पक्षों ने एक संयुक्त विज्ञप्ति जारी की जिसमें दोनों देशों के नेताओं की व्यापक सहमति का विवरण दिया गया।

### आतंकवादी हरविंदर रिंदा का मुख्य सहयोगी गिरफ्तार

**चंडीगढ़/भाषा।** पाकिस्तान स्थित आतंकवादी हरविंदर रिंदा के एक प्रमुख सहयोगी को गिरफ्तार कर लिया गया है जो पंजाब में सनसनीखेज अपराध करने के लिए एक आतंकवादी संगठन से जुड़े लोगों को हथियार मुहैया करा रहा था। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। डीजीपी ने बताया कि पकड़े गए व्यक्ति के पास से एक चीनी पिस्तौल और आठ कारतूस बरामद किए गए हैं। यादव ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, एक बड़ी सफलता में पंजाब की एजीटीएफ (गैंगस्टर रोधी कार्यबल) ने केंद्रीय एजेंसियों के साथ मिलकर एक संयुक्त अभियान में पाकिस्तान में बसे हरविंदर सिंह रिंदा और अमेरिका में बसे हरप्रीत सिंह के प्रमुख सहयोगी कैलाश खिचन को गिरफ्तार कर लिया है।

| | |
|---|---|
| सूर्यास्त 13-01-2024 6:00 बजे | सूर्योदय 14-01-2024 6:34 बजे |
| BSE 72,568.45 (+847.27) | NSE 21,894.55 (+247.35) |
| सोना 6,577 रु. (24 कैरेट) प्रति ग्राम | चांदी 80,000 रु. प्रति किलो |



## भारत ने नई पीढ़ी की 'आकाश' मिसाइल का सफल परीक्षण किया

**बालासोर/भाषा।** भारत ने शुक्रवार को ओडिशा के चांदीपुर अपतटीय क्षेत्र स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज (आईटीआर) से नई पीढ़ी की 'आकाश' मिसाइल का सफल परीक्षण किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह परीक्षण रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) द्वारा बहुत कम ऊंचाई पर उच्च गति वाले मानवरहित हवाई लक्ष्य को निशाना बनाकर किया गया। अधिकारियों ने कहा कि परीक्षण के दौरान अस्त्र प्रणाली ने लक्ष्य को सफलतापूर्वक रोका और नष्ट कर दिया।

अधिकारियों ने कहा, स्वदेशी रूप से विकसित रेडियो फ्रीक्वेंसी सीकर, लॉन्चर, बहु कार्य रडार और कमान, नियंत्रण एवं संचार प्रणाली के साथ मिसाइल से युक्त संपूर्ण अस्त्र प्रणाली का कामकाज सटीक साबित हुआ। प्रणाली का प्रदर्शन आईटीआर, चांदीपुर द्वारा स्थापित कई रडार, टेलीमेट्री और इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल ट्रैकिंग सिस्टम द्वारा प्राप्त डेटा के अनुसार भी सटीक माना गया।

# चुनावी प्रक्रिया में भाग ले युवा : मोदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नासिक (महाराष्ट्र)/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत के मौजूदा युवाओं को 21वीं सदी की सबसे सौभाग्यशाली पीढ़ी बताया, जो अमृत काल के दौरान देश को नई ऊंचाइयों पर ले जाने को तैयार है। साथ ही, उन्होंने परिवारवादी राजनीति का प्रभाव घटाने के लिए उनसे चुनावी प्रक्रिया में भाग लेने का भी आग्रह किया। मोदी ने शुक्रवार को यहां तपोवन मैदान में 27वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव का उद्घाटन करने के बाद सभा को संबोधित करते हुए कहा कि परिवारवादी राजनीति ने देश को काफी नुकसान पहुंचाया है और उन्होंने युवाओं से यथाशीघ्र मतदाता सूची में अपना नाम शामिल कराने का आग्रह किया। उन्होंने युवाओं को मादक पदार्थों से दूर रहने को भी कहा।

शुरुआत में, मोदी ने स्वामी विवेकानंद, और छत्रपति शिवाजी महाराज की मां राजमाता जीजाबाई की जयंती पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा, भारत लोकतंत्र की जननी है। यदि युवा मतदान कर अपने राजनीतिक विचार प्रकट करेंगे तो देश का भविष्य अच्छा होगा। लोकतांत्रिक प्रक्रिया में युवाओं की अधिक भागीदारी देश का बेहतर भविष्य सुनिश्चित करेगी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पहली बार के मतदाता भारत के लोकतंत्र में नई ऊर्जा और शक्ति ला सकते हैं। उन्होंने कहा, यदि आप सक्रिय राजनीति (और चुनावी प्रक्रिया) में भाग लेते हैं, तो आप परिवारवादी राजनीति का प्रभाव घटा सकेंगे। आप जानते हैं कि परिवारवादी राजनीति ने देश को नुकसान पहुंचाया है। मोदी ने कहा कि 'अमृत काल' की 25 वर्ष की अवधि देश को इसकी आजादी के शताब्दी वर्ष में ले जा रही है।



### मुंबई को नवी मुंबई से जोड़ने वाले देश के सबसे लंबे समुद्री पुल का उद्घाटन

**मुंबई/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 17,840 करोड़ रुपए की लागत से बनाए गए अटल बिहारी वाजपेयी सेवारी-न्हावा शेवा अटल सेतु का शुक्रवार को उद्घाटन किया। भारत का यह सबसे लंबा पुल जोकि देश का सबसे लंबा समुद्री पुल भी है, दक्षिण मुंबई को नवी मुंबई में न्हावा-शेवा से जोड़ता है। छह लेन का ट्रांस-हार्बर पुल 21.8 किमी लंबा है और 16.5 किमी लंबा सी-लिंक है। यह पुल आगामी नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के लिए तेज कनेक्टिविटी प्रदान करेगा और मुंबई और पुणे के बीच यात्रा के समय को कम करेगा।

प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए

### प्रधानमंत्री मोदी ने 11 दिन का विशेष अनुष्ठान शुरू किया


**नई दिल्ली/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले शुक्रवार से 11 दिन का विशेष अनुष्ठान आरंभ किया। साथ ही प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्हें जीवन में पहली बार एक अद्भुत अनुभव हो रहा है जो वर्णातीत है। उन्होंने कहा, मैं भावुक हूं, भाव-विह्वल हूं। मैं पहली बार जीवन में इस तरह के मनोभाव से गुजर रहा हूं। जिस स्वप्न को अनेक पीढ़ियों ने वर्षों तक एक संकल्प की तरह अपने हृदय में जिया, उन्हें उसे साकार होते हुए देखने का सौभाग्य मिला है।

## राम मंदिर का निर्माण नियति ने तय किया, इसके लिए मोदी को चुना

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी ने 'राष्ट्र धर्म' पत्रिका के आगामी विशेष संस्करण में प्रकाशित एक लेख में कहा है कि नियति ने तय किया था कि अयोध्या में भगवान राम का भव्य मंदिर बनाया जाएगा और उसने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को चुना।

अपने लेख 'राम मंदिर निर्माण, एक दिव्य स्वप्न की पूर्ति' में आडवाणी (96) ने राम मंदिर निर्माण के लिए 33 साल पहले निकाली गई रथ यात्रा का जिक्र किया और कहा कि उनका मानना है कि अयोध्या आंदोलन उनकी राजनीतिक यात्रा में ''सबसे निर्णायक और परिवर्तनकारी घटना'' थी जिसने उन्हें ''भारत को फिर से



खोजने और इस प्रक्रिया में खुद को फिर से समझने'' का मौका दिया।

राम मंदिर आंदोलन में सबसे आगे रहे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कद्दावर नेता ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को भी याद करते हुए कहा कि उन्हें अयोध्या में राम मंदिर के भव्य प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से पहले उनकी कमी खल रही है।

एक सूत्र के मुताबिक, आडवाणी ने अपने लेख में कहा है, ''आज रथ यात्रा को 33 साल पूरे हो गए। 25 सितंबर 1990 की सुबह जब हमने रथ यात्रा शुरू की थी, तब हमें नहीं पता था कि भगवान राम के प्रति जिस आस्था के साथ हम यह यात्रा शुरू कर रहे हैं, वह देश में एक आंदोलन का रूप ले लेगी।''

सूत्रों ने कहा कि 16 जनवरी को 76 साल पुरानी हिंदी पत्रिका 'राष्ट्र धर्म' के विशेष संस्करण में प्रकाशित होने वाले अपने लेख में आडवाणी ने उल्लेख किया है कि मौजूदा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पूरी रथ यात्रा के दौरान उनके साथ थे।

सूत्र के मुताबिक आडवाणी ने कहा, ''तब वह बहुत प्रसिद्ध नहीं थे। लेकिन उसी समय भगवान राम ने अपने मंदिर के पुनर्निर्माण के लिए अपने भक्त (मोदी) को चुना था।''

आडवाणी ने कहा, ''उस समय मुझे लगा कि नियति ने तय कर लिया है कि एक दिन अयोध्या में श्री राम का भव्य मंदिर जरूर बनेगा।''

### इंडि गठबंधन की आज अहम बैठक

**नई दिल्ली/एजेन्सी।** विपक्षी दलों के इंडि गठबंधन की शनिवार को महत्वपूर्ण बैठक बुलाई गई जिसमें जनता दल (यूनाइटेड)के नेता नीतीश कुमार को संयोजक और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को गठबंधन का अध्यक्ष बनाया जा सकता है। सूत्रों के अनुसार बैठक सुबह 11.30 बजे होगी। बर्चुल आधार पर हो रही इस बैठक में राष्ट्रवादी कांग्रेस के शरद पवार, डीएमके के एम के स्टालिन सहित कई प्रमुख नेताओं के भाग लेने की संभावना है जिसमें श्री कुमार को संयोजक और श्री खड़गे को अध्यक्ष बनाए जाने के साथ ही सीटों के बंटवारे को लेकर भी रणनीति पर विचार किया जा सकता है। गठबंधन की अब तक पटना, बेंगलुरु, मुंबई और दिल्ली में बैठक हो चुकी है। यह पहली बैठक है जो ऑन लाइन की जा रही है और इसमें अहम फैसले होने की संभावना जताई जा रही है। कांगेस के वरिष्ठ नेता मुकुल वासनिक की अध्यक्षता वाली पार्टी की राष्ट्रीय गठबंधन समिति की अब तक कई घटक दलों के नेताओं के साथ बैठक हो चुकी है।

## गुजरात के विकसित भारत का प्रवेश-द्वार होने का देश को विश्वास : अमित शाह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**गांधीनगर/भाषा।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि विकसित भारत का प्रवेश-द्वार गुजरात से होकर गुजरता है और पूरे देश के इस विश्वास को बनाए रखना हमारी जिम्मेदारी है।

शाह ने यहां आयोजित '10वें वाइब्रेंट गुजरात वैश्विक शिखर सम्मेलन' के समापन समारोह में कहा कि नरेन्द्र मोदी के पहली बार प्रधानमंत्री बनते समय भारत दुनिया की 11वीं बड़ी अर्थव्यवस्था था लेकिन आज यह पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था है और मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर यह तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

शाह ने अपने संबोधन में कहा, वर्ष 2003 में गांधीनगर से की गई शुरुआत ने भारत को पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बना दिया। आज इस



आयोजन के साथ 2047 से पहले विकसित भारत का संकल्प पूरा करने के लिए एक नई शुरुआत हो रही है। उन्होंने कहा, इस सम्मेलन ने विचारों और नवाचारों को एक मंच दिया है और निवेश को जमीन पर लाने का काम किया है। इससे न केवल गुजरात बल्कि पूरे देश की अर्थव्यवस्था को मदद मिली है। वाइब्रेंट गुजरात के मॉडल को कई राज्यों ने स्वीकार किया है और उन्होंने इस मॉडल को अपनाया है।

शाह ने कहा, आज पूरे देश को भरोसा है कि विकसित भारत का प्रवेश द्वार हमारे गुजरात से होकर गुजर रहा है। और इस विश्वास को बनाए रखना हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने मनमोहन सिंह की अगुवाई वाली पिछली सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा, वैश्विक मोर्चे पर हमें काला धब्बा माना जाता था। आज हम एक जीवंत स्थल हैं। देश ने एक मूक प्रधानमंत्री से एक दूरदर्शी और जीवंत प्रधानमंत्री तक का सफर तय किया है।

## केंद्रीय मंत्री प्रमाणिक को उच्चतम न्यायालय ने दी गिरफ्तारी से राहत

**नई दिल्ली/एजेन्सी।** उच्चतम न्यायालय ने केंद्रीय गृह राज्य मंत्री निसिथ प्रमाणिक के खिल वर्ष 2018 में दर्ज हत्या के प्रयास के एक मामले में शुक्रवार को अंतिम राहत देते हुए पश्चिम बंगाल पुलिस को निर्देश दिया कि वह इस मामले में उच्च न्यायालय में उनकी अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई होने तक याचिकाकर्ता के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई न करे। न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की



पीठ ने कहा कि उच्च न्यायालय द्वारा मामले की सुनवाई होने तक याचिकाकर्ता के खिलाफ कोई दंडात्मक कदम नहीं उठाया जाएगा। पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता के वकील ने तर्क दिया कि जलपाईगुड़ी में सर्किट पीठ की अगली तारीख 22 जनवरी है। शीर्ष अदालत ने याचिकाकर्ता को अगली सुनवाई तक गिरफ्तारी से सुरक्षा देते हुए उच्च न्यायालय से उनकी याचिका का यथाशीघ्र निपटारा करने को कहा।

## अमेरिकी-ब्रिटिश हवाई हमलों में पांच हाउती विद्रोहियों की मौत, छह घायल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**दुबई/एपी।** लाल सागर से गुजरने वाले जहाजों पर यमन के हुती विद्रोहियों के हमलों के जवाब में इन विद्रोहियों पर अमेरिका के नेतृत्व में हवाई हमले किए गए। इसने शुक्रवार को दुनिया का ध्यान यमन में वर्षों से जारी युद्ध पर एक बार फिर से आकृष्ट किया, जबकि गाजा पट्टी में हमास के खिलाफ इजराइल के युद्ध से पश्चिम एशिया में तनाव पहले से ही बढ़ा हुआ है।

हुती विद्रोहियों की ओर से कहा गया कि इन हमलों में कम से कम पांच लोग मारे गए और छह अन्य घायल हो गए। ईरान समर्थित विद्रोहियों के कब्जे वाले कई ठिकानों पर बमबारी के बीच, सऊदी अरब ने स्वयं को इन हमलों से दूर करने की कोशिश की क्योंकि वह ईरान के साथ सौहार्द बनाए रखना चाहता है और यमन युद्ध में संघर्ष विराम



चाहता है। साथ ही सऊदी अरब इस युद्ध से अंततः हटना चाहता है। इस हमले से हमास पर इजराइल के युद्ध को लेकर क्षेत्रीय संघर्ष भड़कने का भी खतरा है, जिसे अमेरिका के बाइडन प्रशासन और उसके सहयोगी कई हफ्तों से शांत करने की कोशिश कर रहे हैं।

इस बीच, अमेरिकी नौसेना ने कुछ दिन पहले हिंद महासागर के सुदूर इलाके में एक जहाज पर हमले की बात स्वीकार की थी। यह एक ऐसा हमला था जो ईरान की इजराइल-हमास संघर्ष को लेकर व्यापक समुद्री अभियान के तहत जहाजों पर हमला करने की इच्छा का संकेत दे सकता है। तेहरान ने बृहस्पतिवार को एक और टैंकर को जब्त कर लिया जो इस्लामिक गणराज्य के परमाणु कार्यक्रम पर अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों के कारण अमेरिका द्वारा तेल को जब्त करने से संबंधित एक संकट में पहले से शामिल था।

### मिशन मंडेला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक
epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

**चलो अयोध्या**

आक्रांता सब विफल हो गए,
चाहे जितने आए।
मंदिर तोड़े मूरत तोड़ी,
छवि को तोड़ न पाए।
मंदिर भले अधूरा है पर,
मन मंदिर में छाए।
जिसके मन में राम बसे हों,
वही अयोध्या जाए।।

## पारंपरिक उपचारों को आधुनिक चिकित्सा प्रक्रिया में शामिल किया जाए : सोनोवाल

**नई दिल्ली/एजेन्सी।** केंद्रीय आयुष मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने कहा है कि आयुर्वेद, योग, यूनानी, सिद्ध, होम्योपैथी, प्राकृतिक चिकित्सा और सोवा रिग्पा जैसी समृद्ध उपचार प्रणालियों के परिणामों को देखते हुए उनके उपचारों को आधुनिक औषधीय प्रक्रिया में शामिल किया जाना चाहिए।

सोनोवाल शुक्रवार को गुवाहाटी में एक कार्यक्रम में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, चिकित्सा की पारंपरिक प्रणाली को नया रूप



दिया गया है ताकि यह देश में स्वास्थ्य सेवा वितरण प्रणाली को मजबूती प्रदान करे। उन्होंने कहा, आयुर्वेद, योग, यूनानी, सिद्ध, होम्योपैथी, प्राकृतिक चिकित्सा और सोवा रिग्पा जैसी हमारी समृद्ध उपचार प्रणालियों के परिणामों को देखते हुए, यह जरूरी है कि उनके सदियों पुराने उपचारों को आधुनिक औषधीय अभ्यास में शामिल किया जाए। उन्होंने कहा कि इसका परिणाम एक शक्तिशाली एकीकृत चिकित्सा के रूप में सामने आने वाला है जो शारीरिक बीमारियों को ठीक करेगी और मानसिक कल्याण के लिए मार्ग प्रदान करेगी।


कार्यक्रम में सोनोवाल ने पूर्वोत्तर में आयुष क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए चार प्रमुख पहल शुरू की।

### यमन पर अमेरिकी-ब्रिटिश हमला अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन : रूस

**मॉस्को/एजेन्सी।** रूस ने यमन पर अमेरिका और ब्रिटेन के हमले को क्षेत्र में तनाव के नाम पर अंतरराष्ट्रीय कानून की अवहेलना और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों को



तोड़ने -मरोड़ने का एक और उदाहरण बताया है। रूस के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया ज़खारोवा ने शुक्रवार को अपने बयान में यह बात कही।





# लोकसभा चुनाव के बाद महाराष्ट्र में राजनीतिक भूचाल आएगा : मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मुंबई/भाषा।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शुक्रवार को दावा किया कि आगामी लोकसभा चुनाव के बाद राज्य में 'राजनीतिक भूचाल' आएगा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 'अटल बिहारी वाजपेयी सेवारी-न्हावा शेवा अटल सेतु' का शुक्रवार को उद्घाटन करने के बाद शिंदे एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। भारत का यह सबसे लंबा समुद्री पुल दक्षिण मुंबई को नवी मुंबई में न्हावा-शेवा से जोड़ता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश 'बुलेट की स्पीड' से प्रगति कर रहा है। उन्होंने कहा, लोकसभा चुनाव के बाद, राज्य में एक राजनीतिक भूचाल आएगा... हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि मोदी 400 से अधिक सीटों के साथ तीसरी बार सत्ता में लौटें, जबकि महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ गठबंधन (लोकसभा की कुल 48 में से) 45 से अधिक सीटें जीतेगा।

शिंदे ने कहा कि महाराष्ट्र का सत्तारूढ़ गठबंधन – जिसमें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), शिवसेना और अजित पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) शामिल हैं – विकास के एजेंडे पर चुनाव का सामना करेंगे।

मुख्यमंत्री की टिप्पणी महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर के उस फैसले के दो दिन बाद आई है, जिसमें उन्होंने कहा था कि एकनाथ शिंदे का गुट ''असली शिवसेना'' है।

## केंद्रीय योजना के तहत ई-बसों की खरीद के लिए निविदाएं जारी: पुरी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने शुक्रवार को कहा कि सरकार ने पीएम-ईबस सेवा योजना के तहत इलेक्ट्रिक बसों की खरीद के लिए निविदाएं जारी कर दी हैं। इस योजना के तहत सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल के तहत 169 शहरों को 10,000 इलेक्ट्रिक बसें उपलब्ध कराई जाएंगी।

पुरी ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उनके मंत्रालय के अधिकारी इस सिलसिले में इलेक्ट्रिक बस (ई-बस) बनाने वाली कंपनियों के संपर्क में हैं। उन्होंने कहा, ई-बसों की खरीद के लिए निविदाएं जारी कर दी गई हैं और जनवरी के अंत तक बोली प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। इन बसों में यात्रा करने वाले लोग स्वचालित किराया प्रणाली के माध्यम से टिकट खरीद सकते हैं। योजना के तहत इन बसों को चलाने वाले परिचालकों को यात्रा दूरी के आधार पर भुगतान किया जाएगा।

पीएम-ईबस सेवा योजना की अनुमानित लागत 57,613 करोड़ रुपए होगी। इसमें से 20,000 करोड़ रुपए केंद्र सरकार मुहैया कराएगी जबकि शेष राशि राज्य वहन करेंगे। सरकार ने कहा कि व्यवस्थित बस सेवा से वंचित शहरों को इस योजना में प्राथमिकता दी जाएगी। यह योजना वर्ष 2037 तक जारी रहेगी।

## महाराष्ट्र का पेंच बाघ अभयारण्य भारत का पहला 'डार्क स्काई पार्क' बना

**नागपुर/भाषा।** महाराष्ट्र में पेंच बाघ अभयारण्य (पीटीआर) ने रात के आकाश की सुरक्षा करने और प्रकाश प्रदूषण को रोकने के लिए भारत में पहले और एशिया में पांचवें डार्क स्काई पार्क का खिताब अर्जित किया है, जिससे यह सुविधा खगोल विज्ञान के प्रति उत्साही लोगों के लिए आदर्श बन गई है। पीटीआर महाराष्ट्र के उप निदेशक प्रभु नाथ शुक्ल ने बताया कि एक प्राकृतिक सांस्कृतिक और ऐतिहासिक संसाधन के रूप में रात्रिकालीन आकाश के महत्व को रेखांकित करते हुए, अंतरराष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ (आईयूसीएन) प्रकृति संरक्षण एवं संरक्षित क्षेत्रों में पारिस्थितिकीय अखंडता के लिए प्राकृतिक अंधेरे को संरक्षित करने के महत्व पर जोर देता है। उन्होंने एक विज्ञप्ति में कहा कि प्रकाश प्रदूषण के बढ़ते वैश्विक खतरे ने इस अमूल्य संसाधन के लिए बड़ा संकट पैदा कर दिया है। शुक्ला ने कहा कि 'इंटरनेशनल एस्ट्रोनॉमिकल यूनियन' के नेतृत्व में 'द डार्क एंड क्वाइट स्काइज फॉर साइंस एंड सोसाइटी वर्किंग ग्रुप' ने राष्ट्रीय और स्थानीय सरकारों द्वारा 'डार्क स्काई ओसेस' की स्थापना किए जाने की सिफारिश की है।

## पर्यावरण अनुकूल शहरी विकास समय की जरूरत: जक्षय शाह



**नई दिल्ली/भाषा।** जलवायु परिवर्तन को लेकर जारी चिंता के बीच भारतीय गुणवत्ता परिषद (क्यूसीआई) के चेयरमैन जक्षय शाह ने कहा है कि शहरी नियोजन में मजबूत, लचीली और पर्यावरण अनुकूल गतिविधियों को अपनाया जाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण अनकुलू शहरी विकास समय की जरूरत है।

जक्षय शाह गुजरात के गांधीनगर में चल रहे वाइब्रेंट गुजरात वैश्विक शिखर सम्मेलन (वीजीजीएस) 2024 में 'गिफ्ट सिटी-आधुनिक भारत की आकांक्षा' विषय पर आयोजित एक सेमिनार में बृहस्पतिवार को नगर नियोजन में समस्याओं से उबरने की क्षमता, मजबूती और पर्यावरण अनुकूल गतिविधियों के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा, शहरी नियोजन में मजबूत, लचीली और पर्यावरण अनुकूल गतिविधियों को अपनाए जाना जरूरी है। पर्यावरण अनुकूल शहरी विकास समय की जरूरत है। शाह ने पर्यावरण अनुकूल शहरों के विकास में 3पी- पीपुल (लोग), प्लानेट (ग्रह) और प्रोफिट (लाभ) को प्राथमिकता देने की वकालत करते हुए एक स्थायी दृष्टिकोण अपनाने की बात कही। तीन दिवसीय वाइब्रेंट गुजरात वैश्विक शिखर सम्मेलन का आज आखिरी दिन है।

## इस साल के अंत तक चालू होगा नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा : सिंधिया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नागपुर (महाराष्ट्र)/भाषा।** केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शुक्रवार को कहा कि नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा इस साल नवंबर या दिसंबर से चालू हो जाएगा। उन्होंने यह भी घोषणा की कि अगले 10 से 15 वर्ष में भारत के कम से कम 10 शहरों में दो-दो हवाई अड्डे होंगे।

वह नागपुर के मिहान, विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) में एआर-इंडेमर एमआरओ (रखरखाव, मरम्मत और निरीक्षण) केंद्र के उद्घाटन से इतर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने मुंबई ट्रांस-हार्बर लिंक (एमटीएचएल) के संदर्भ में कहा, यह देश मुंबई को नवी मुंई से जुड़ता हुआ देखने के लिए पिछले 60 वर्ष से इंतजार कर रहा था और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज लोगों के सपनों को साकार कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी आज एमटीएचएल का उद्घाटन करेंगे।

नागर विमानन मंत्री ने कहा, नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा इस साल नवंबर या दिसंबर में अपना संचालन शुरू करेगा। इस हवाई अड्डे पर पहली उड़ान नवंबर या दिसंबर में उतरेगी। यह हवाई अड्डा नवी मुंबई के बड़े विकास का मार्ग प्रशस्त करेगा। सिंधिया ने कहा, अगले 10 से 15 वर्षों में कम से कम 10 शहरों में दो-दो हवाई अड्डे होंगे। उन्होंने यह भी कहा कि वह आज और शनिवार को कोल्हापुर, पुणे और नवी मुंबई में हवाई अड्डों का निरीक्षण करेंगे। एआर-इंडेमर अमेरिका की प्रमुख एमआरओ कंपनी एआर और भारत की कंपनी इंडेमर टेक्निक्स प्राइवेट लिमिटेड का संयुक्त उपक्रम है।



## रामलला के अभिषेक के लिए जूना अखाड़े के संन्यासी पवित्र जल लेकर अयोध्या रवाना

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**हरिद्वार/भाषा।** उत्तराखंड के पवित्र तीर्थों और गंगा समेत सभी नदियों का जल लेकर भगवान रामलला का अभिषेक करने के लिए जूना अखाड़े के नागा संन्यासियों का एक जत्था शुक्रवार को यहां से अयोध्या के लिए रवाना हुआ।

जय श्री राम, हर हर महादेव के जय घोष के साथ अखाड़े के अंतर्राष्ट्रीय सचिव श्रीमहंत महेश पुरी और मुख्य पुजारी श्रीमहंत सुरेशानंद सरस्वती के नेतृत्व में नागा संन्यासियों का जत्था हर की पैड़ी पहुंचा और मां गंगा की पूजा अर्चना कर गंगाजल से कलश भरा।

इसके साथ ही उत्तराखंड के समस्त तीर्थों से लाए जल से भरे कलशों का भी पूजन किया गया जिसके बाद उन्हें लेकर नागा संन्यासी दक्षेश्वर महादेव मंदिर कनखल पहुंचे तथा भगवान शिव का अभिषेक कर अयोध्या में राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के निर्विघ्न संपन्न होने की प्रार्थना की। इसके बाद जत्था जल के कलश लेकर अयोध्या के लिए रवाना हो गया।

श्रीमहंत महेश पुरी ने बताया कि जूना अखाड़े के अंतरराष्ट्रीय संरक्षक तथा अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री श्रीमंहत हरी गिरि के निर्देश पर राम लला के अभिषेक के लिए उत्तराखंड की पवित्र नदियों गंगा, यमुना,अलकनंदा, मंदाकिनी, सरयू, गोमती, शारदा, भागीरथी, राम गंगा, काली गंगा, धौली गंगा तथा त्रिजुगी नारायण आदि तीर्थों से पवित्र जल कलशों में भरा गया जिसे लेकर नागा संन्यासियों का जत्था अयोध्या रवाना हुआ है। उन्होंने बताया कि रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए पूरे देश में स्थित जूना अखाड़े के मठ मंदिरों को फूलों व दीपों से सजाया जा रहा है तथा विशेष पूजा अर्चना की जा रही है। उन्होंने बताया कि इन स्थानों पर लंगर भी आयोजित किए जा रहे हैं।

श्रीमहंत हरी गिरी ने बताया कि अयोध्या में पांच अगस्त 2020 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा भव्य राम मंदिर के लिए किए गए भूमि पूजन के साथ-साथ जूना अखाड़े ने भी अयोध्या स्थित दत्तात्रेय अखाड़े में राम मंदिर के लिए भूमि पूजन कर निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया था। उन्होंने आगामी 22 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भव्य राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही दत्तात्रेय अखाड़े में भी श्री राम विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी।

## पुलिस घाटी में मादक पदार्थ-आतंकवाद को खत्म करने को प्रतिबद्ध: पुलिस महानिरीक्षक



**श्रीनगर/भाषा।** जम्मू-कश्मीर पुलिस घाटी में मादक पदार्थों से जुडे आतंकवाद के खतरे को नष्ट करने के लिए प्रतिबद्ध है और ऐसे मामलों पर प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई की जा रही है। कश्मीर के पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) वी. के. बिरदी ने लोगों से मादक पदार्थों के खिलाफ लड़ाई में पुलिस की मदद करने का आह्वान किया। बिरदी ने बारामूला में एक नशा मुक्ति केंद्र के दौरे पर संवाददाताओं से कहा,''जम्मू-कश्मीर पुलिस ऐसी चीजों (मादक पदार्थ-आतंकवाद) को नियंत्रित करने के लिए प्रतिबद्ध है। पुलिस ने प्राथमिकता के आधार पर ऐसे मामलों में जांच को आगे बढ़ाया और द प्रीवेंशन ऑफ इलीसिट ट्रैफिक इन नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सबस्टांसेस (पीआईटी-एनडीपीएस) अधिनियम और स्वापक औषधि और मन:प्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ कार्रवाई की। उन्होंने नशीली दवाओं के तस्करों के खिलाफ बारामूला पुलिस की कार्रवाई की सराहना की।

आईजीपी ने कहा,''इस संदर्भ में बहुत काम किया है लेकिन हमें और बहुत कुछ करने की आवश्यकता है। इसमें सख्ती से कार्य करने की जरूरत है ताकि समाज से मादक पदार्थ के खतरे को जड़ से खत्म किया जा सके। कानून के हस्तक्षेप से पहले समाज के हस्तक्षेप की आवश्यकता है। अधिकारी ने कहा,''मैं लोगों से भी अपील करता हूं कि अगर कोई ऐसी गतिविधियों में लिप्त है तो इसे हमारे संज्ञान में लाएं। इस बुराई को जड़ से उखाड़ने के लिए हमें समाज के सहयोग की आवश्यकता है।




## इंदौर को स्वच्छ रखने के लिए हर साल खर्च होते हैं 200 करोड़ रुपए

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**इंदौर (मप्र)/भाषा।** राष्ट्रीय स्वच्छता सर्वेक्षण में लगातार सातवीं बार अव्वल रहे मध्यप्रदेश के इंदौर में शहरी निकाय की ओर से कचरा प्रबंधन पर हर साल करीब 200 करोड़ रुपए खर्च किए जाते हैं। स्थानीय निकाय के एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी।

इंदौर नगर निगम (आईएमसी) के एक अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि स्थानीय लोगों से कचरा संग्रहण शुल्क और जुर्माने की वसूली के साथ ही अन्य स्रोतों से इतनी ही राशि सरकारी खजाने में डालने की कोशिश की जा रही है, ताकि स्वच्छता के इस मॉडल को आर्थिक रूप से टिकाऊ बनाया जा सके।

''वेस्ट टू वेल्थ'' की थीम पर केंद्रित वर्ष 2023 के स्वच्छता सर्वेक्षण में अलग-अलग श्रेणियों में देश के 4,400 से ज्यादा शहरों के बीच कड़ी टक्कर थी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की मौजूदगी में दिल्ली में बृहस्पतिवार को आयोजित कार्यक्रम में इंदौर को सूरत के साथ देश का सबसे स्वच्छ शहर घोषित किया गया।

अधिकारी ने ''पीटीआई-भाषा'' को बताया, हम शहर में अपशिष्ट प्रबंधन पर हर साल करीब 200 करोड़ रुपए खर्च कर रहे हैं। हम कचरे से कमाई की अलग-अलग मदों में इतनी ही रकम सरकारी खजाने में डालने की भी कोशिश कर रहे हैं।

इंदौर नगर निगम का कुल बजट वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 7,500 करोड़ रुपए का है।

## पंकज त्रिपाठी ने निर्वाचन आयोग के 'नेशनल आइकन' के रूप में इस्तीफा दिया



**नई दिल्ली/भाषा।** अभिनेता पंकज त्रिपाठी ने निर्वाचन आयोग के 'नेशनल आइकन' के रूप में स्वेच्छा से इस्तीफा दे दिया है क्योंकि वह 'मैं अटल हूं' फिल्म में एक राजनीतिक नेता की भूमिका निभा रहे हैं। त्रिपाठी, रवि जाधव के निर्देशन वाली फिल्म में पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के दिवंगत नेता अटल बिहारी वाजपेयी की भूमिका निभा रहे हैं। अभिनेता ने कहा कि उन्होंने फिल्म का ट्रेलर जारी होने से पहले पद छोड़ने का मन बनाया था। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अभिनेता ने कहा, यह एक सामान्य प्रक्रिया है।

## 'एक पार्टी में दो सचेतक नहीं हो सकते, ठाकरे खेमे को गोगावले के व्हिप का पालन करना होगा'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**मुंबई/भाषा।** महाराष्ट्र विधानसभा के अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने कहा है कि राज्य विधानमंडल में केवल एक शिवसेना विधायक दल है और इसके विधायकों को मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले खेमे के सचेतक भरत गोगावले द्वारा जारी व्हिप का पालन करना होगा, जिसे उन्होंने मान्यता दी है।

नार्वेकर ने बृहस्पतिवार को एक समाचार चैनल के साथ बातचीत में कहा कि उन्होंने 2022 में पार्टी में विभाजन के बाद एक-दूसरे के विधायकों को अयोग्य ठहराने की मांग करने वाले शिवसेना गुटों की याचिकाओं पर अपना फैसला देते समय उच्चतम न्यायालय के दिशानिर्देशों का पूरी तरह पालन किया है, और उनका निर्णय विश्वसनीय है। शिंदे संगठन को असली शिवसेना के रूप में मान्यता देने के लिए नार्वेकर को विपक्ष, खासकर उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (यूबीटी) की ओर से कड़ी आलोचना का सामना करना पड़ा है। ठाकरे ने फैसले को लोकतंत्र की हत्या करार देते हुए कहा है कि उनकी पार्टी इसके खिलाफ शीर्ष अदालत जाएगी।

नार्वेकर ने कहा, मुझे यह तय करना था कि विधायिका में दोनों समूहों में से कौन सा मूल राजनीतिक दल का प्रतिनिधित्व करता है। किसी भी पार्टी के पास दो व्हिप नहीं हो सकते। इसलिए उस (अन्य) समूह के विधायकों को मेरे द्वारा मान्यता प्राप्त व्हिप का पालन करना होगा। व्हिप पार्टी विधायकों के लिए बाध्यकारी होता है। ऐसा न करने पर उन्हें अयोग्य ठहराया जा सकता है। यह पूछे जाने पर कि क्या उनके सामने शिवसेना (यूबीटी) समूह मौजूद है, नार्वेकर ने कहा, अध्यक्ष के सामने केवल शिवसेना विधायक दल है। यह पूछे जाने पर कि क्या गोगावले का व्हिप ठाकरे खेमे पर लागू होगा, नार्वेकर ने कहा, ठाकरे खेमे के विधायक जिस विधायक दल के हैं, उसका व्हिप उन पर लागू होगा। नार्वेकर ने बुधवार को शिवसेना विधायकों से संबंधित अयोग्यता याचिकाओं पर अपना आदेश दिया। उन्होंने शिंदे के नेतृत्व वाली पार्टी को वास्तविक राजनीतिक दल और गोगावले को पार्टी सचेतक के रूप में मान्यता दी। शिवसेना के 2018 के संविधान को मान्यता नहीं देने के अपने फैसले का बचाव करते हुए, नार्वेकर ने कहा कि जो लोग राष्ट्रीय कार्यकारिणी के लिए चुने गए, उसकी सूचना भारत निर्वाचन आयोग को दे दी गई थी।

## भारतीय तट रक्षक बल ने केरल तट से 12 मछुआरों को बचाया

**कोच्चि/भाषा।** भारतीय तटरक्षक बल ने यहां कोच्चि की एक नौका को डूबने से बचाया जिसमें 12 मछुआरे सवार थे। नौका का निचला हिस्सा पानी के भीतर क्षतिग्रस्त हो गया था और इसके भीतर बेतहाशा पानी भर गया था। शुक्रवार को एक अधिकारिक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई।

विज्ञप्ति में कहा गया है कि 11 जनवरी को कोच्चि के पास मुनंबम बंदरगाह से रवाना हुई नौका 'संजू' में पानी घुस गया था, जिसके बाद भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) को सहायता की गुहार लगाने के लि एक संकटकालीन कॉल की गई। तटरक्षक बल ने नाव को पोन्नानी तट से लगभग 22 मील दूर से सफलतापूर्वक बचा लिया। आईसीजी ने बताया कि उसे बृहस्पतिवार को एक संकटपूर्ण कॉल मिली। इसके बाद उसने तुरंत जहाज आईसीजीएस आर्यमन, सी-404 और सी-144 और एक तटरक्षक उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर को तैनात किया।

आईसीजीएस आर्यमन की क्षति नियंत्रण टीम मछली पकड़ने वाली नौका पर चढ़ गई और उसने अभी तक हुई क्षति का का आकलन किया। टीम ने डीजल चालित और पानी के भीतर डूबने वाले पंपों की मदद से नौका में घुसे पानी को निकालने का प्रयास शुरू किया। बारह घंटे तक अथक परिश्रम करने के बाद, टीम ने नौका के भीतर घुस रहे पानी पर सफलतापूर्वक काबू पाकर नाव को स्थिर किया। आईसीजी ने विज्ञप्ति में यह जानकारी दी। इसमें कहा गया है कि अभियान के दौरान मछली पकड़ने वाली नौका के चालक दल के सदस्यों को भोजन और प्राथमिक चिकित्सा प्रदान की गई। तटरक्षक जहाज आर्यमन मछली पकड़ने वाली नौका और उसके चालक दल को अपनी निगरानी में मुनंबम बंदरगाह तक वापस लाया।

## एलजीबीटीक्यू सदस्यों के लिए एससी, एसटी, ओबीसी की तर्ज पर कोई आरक्षण नहीं: पूर्व प्रधान न्यायाधीश

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**पणजी/भाषा।** पूर्व प्रधान न्यायाधीश यूयू ललित ने बृहस्पतिवार को कहा कि एलजीबीटीक्यू समुदाय अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी), अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) या आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) को दिए गए ऊर्ध्वाधर आरक्षण का दावा करने का हकदार नहीं है। हालाँकि, उन्होंने कहा कि संबंधित समुदाय के लोग महिलाओं और दिव्यांग व्यक्तियों की तर्ज पर क्षैतिज आरक्षण का दावा कर सकते हैं।

नवंबर 2022 में 49वें प्रधान न्यायाधीश के रूप में सेवानिवृत्त हुए न्यायमूर्ति ललित यहां इंडिया इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ लीगल एजुकेशन एंड रिसर्च (आईआईयूएलईआर) में 'सकारात्मक कार्रवाई और भारत के संविधान' विषय पर एक विशेष व्याख्यान के बाद प्रश्नोत्तर सत्र के दौरान एक प्रश्न का उत्तर दे रहे थे। जब उनसे पूछा गया कि क्या एलजीबीटीक्यू समुदाय कभी संवैधानिक सकारात्मक कार्रवाई/आरक्षण के दायरे में आएगा, तो उन्होंने कहा, सैद्धांतिक रूप से हां, लेकिन अगर मैं जवाबी तर्क देता हूं, तो यह इस विचार के महत्व को कम करने के लिए नहीं है, बल्कि यह समझने के लिए है कि मेरा जन्म एससी, एसटी या ओबीसी समुदाय में हुआ है जिस पर मेरा कोई वश नहीं है जबकि यौन रुझान एक चुनाव है। उन्होंने कहा, यह मुझ पर जन्म की दुर्घटना के रूप में थोपा नहीं गया है। इसलिए यह मेरे यौन अभिविन्यास के कारण नहीं है कि मैं किसी चीज से वंचित हूं। कोई व्यक्ति जो तीसरे लिंग के रूप में पैदा हुआ है, वह पैदाइश का मामला है और वहां सकारात्मक कार्रवाई है। लेकिन अधिकांश एलजीबीटीक्यू समुदाय के लिए यौन अभिविन्यास उनकी अपनी पसंद है। उन्होंने कहा कि समुदाय के सदस्यों ने इसे एक चुनाव के रूप में स्वीकार किया है। उन्होंने कहा, इस प्रकार का आरक्षण 'ऊर्ध्वाधर' रूप से पृथक लोगों के लिए है। महिलाओं और शारीरिक रूप से अक्षम लोगों के लिए क्षैतिज आरक्षण भी है तथा इसी तरह एलजीबीटीक्यू भी एक क्षैतिज आरक्षण श्रेणी हो सकती है।

# कार्ति चिदंबरम तीसरी बार प्रवर्तन निदेशालय के समक्ष पेश हुये



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई/नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम शुक्रवार को एक बार फिर से प्रवर्तन निदेशालय के समक्ष पेश हुये । वर्ष 2011 में कुछ चीनी नागरिकों को कथित वीजा जारी किये जाने से जुड़े धन शोधन मामले में पिछले एक महीने से भी कम समय में यह तीसरा मौका है जब वह जांच एजेंसी के समक्ष पूछताछ के लिये पेश हुए हैं ।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) कार्ति से इससे पहले पिछले साल 23 दिसंबर को और इस वर्ष दो जनवरी को पूछताछ कर चुका है । केंद्रीय एजेंसी ने धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत तमिलनाडु के शिवगंगा लोकसभा सीट से सांसद कार्ति का बयान दर्ज किया है । शुक्रवार की सुबह कार्ति तीसरी बार राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली स्थित ईडी के मुख्यालय पहुंचे। ऐसा माना जाता है कि इस बार भी उनसे चीनी नागरिक वीजा मामले से जुड़े पीएमएलए मामले में पूछताछ हुई है। सांसद ने इस मामले में जांच एजेंसी के समन को सामान्य मामला और ऐसी चीजें बताया जो नियमित रूप से होती हैं, खासकर जब चुनाव नजदीक आते हैं।

उन्होंने इस महीने की शुरुआत में गवाही देते हुए संवाददाताओं से कहा था, 'ये सभी व्यर्थ की कवायदें हैं। हम उन पर अमल करेंगे।' पीएमएलए के प्रावधानों के तहत दर्ज किया गया धन शोधन मामला केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो की प्राथमिकी से निकला है । केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की प्राथमिकी के अनुसार यह जांच वेदांत समूह की कंपनी तलवंडी साबो पावर लिमिटेड (टीएसपीएल) के एक शीर्ष अधिकारी द्वारा कार्ति और उनके करीबी सहयोगी एस भास्कररमन को रिश्वत के रूप में 50 लाख रुपये दिए जाने के आरोपों से संबंधित है, जो पंजाब में एक बिजली संयंत्र स्थापित कर रहा था । सीबीआई के अनुसार, बिजली परियोजना स्थापित करने का काम एक चीनी कंपनी द्वारा किया जा रहा था और तय समय से पीछे चल रहा था। टीएसपीएल के एक कार्यकारी ने 263 चीनी श्रमिकों के लिए प्रोजेक्ट वीजा फिर से जारी करने की मांग की थी, जिसके लिए कथित तौर पर 50 लाख रुपये का आदान-प्रदान किया गया था। सीबीआई ने पिछले साल चिदंबरम परिवार के परिसरों में छापा मारा था और भास्कररमण को गिरफ्तार किया था और कार्ति से पूछताछ की गई थी। कार्ति ने पहले कहा था कि ईडी की जांच 'बेमतलब' थी और उन्होंने पहले भी एजेंसी को दस्तावेज सौंपे हैं।

उन्होंने इस मामले को सर्वाधिक 'बकवास' करार देते हुये कहा था कि वह इस बात से आश्वस्त हैं कि उन्होंने 250 तो क्या, एक भी चीनी नागरिक को वीजा प्रक्रिया में मदद नहीं की थी । उन्होंने इस मामले को उनके जरिए उनके पिता एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता पी. चिदंबरम को निशाना बनाने की कोशिश बताया था ।

पिछले कुछ वर्षों से ईडी द्वारा आईएनएक्स मीडिया और एयरसेल-मैक्सिस मामलों की जांच के साथ कार्ति के खिलाफ यह तीसरा धन शोधन मामला है।

शुभारंभ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत




चेन्नई में शुक्रवार को विश्व तमिल डायस्पोरा दिवस 2024 समारोह में मेरा गांव योजना का शुभारंभ करते हुए मुख्यमंत्री एमके स्टालिन एवं अन्य।




# फर्स्ट सोलर ने तमिलनाडु में सौर विनिर्माण संयंत्र के लिए किया 70 करोड़ डॉलर का निवेश

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई/नई दिल्ली।** अमेरिका की फर्स्ट सोलर ने तमिलनाडु में भारत का पहला एकीकृत सौर विनिर्माण संयंत्र स्थापित करने में 70 करोड़ अमेरिकी डॉलर का निवेश किया है। तमिलनाडु में स्थित इस संयंत्र का बृहस्पतिवार को उद्घाटन किया गया। इसकी वार्षिक क्षमता 3.3 गीगावाट (एक गीगावाट बराबर 1,000 मेगावाट) है।

कंपनी के बयान के अनुसार, यह भारतीय बाजार के लिए कंपनी की श्रृंखला 7' फोटोवोल्टिक (पीवी) सौर मॉड्यूल का उत्पादन करेगी। इससे करीब 1,000 लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार के अवसर मिले हैं। श्रृंखला-7 मॉड्यूल चीन में उत्पादित पॉलीसिलिकॉन मॉड्यूल की तुलना में 50 प्रतिशत कम ऊर्जा और केवल एक तिहाई पानी का उपयोग करते हैं।

तमिलनाडु के उद्योग प्रोत्साहन एवं वाणिज्य मंत्री टीआरबी राजा संयंत्र के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि थे। इसमें भारत में अमेरिका के राजदूत एरिक गार्सेटी और यूएस इंटरनेशनल डेवलपमेंट फाइनेंस कॉरपोरेशन (डीएफसी) के मुख्य कार्यपालक अधिकारी स्कॉट नाथन भी शामिल हुए। गार्सेटी ने कहा कि उत्पादन सुविधा स्वच्छ, हरित ऊर्जा की ओर वैश्विक बदलाव को आगे बढ़ाने में मदद करेगी।

# चेन्नई एग्मोर व नागरकोइल के बीच वंदे भारत स्पेशल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**चेन्नई।** दक्षिण रेलवे से प्राप्त जानकारी के अनुसार पोंगल त्योहार के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को कम करने के लिए वंदे भारत स्पेशल को चेन्नई एग्मोर-नागरकोइल-चेन्नई एग्मोर सेक्टरों में संचालित किया जाएगा।

ट्रेन नंबर 06081 चेन्नई एग्मोर - नागरकोइल वंदे भारत स्पेशल 13 और 14 जनवरी, शनिवार और रविवार को सुबह 05.00 बजे चेन्नई एग्मोर से रवाना होगी और उसी दिन 13.45 बजे नागरकोइल पहुंचेगी (2 सेवाएं)।

वापसी में यह ट्रेन नं. 06082 नागरकोइल - चेन्नई एग्मोर वंदे भारत स्पेशल 13 और 14 जनवरी, 2024 (शनिवार और रविवार) को 14.25 बजे नागरकोइल से रवाना होगी और उसी दिन 23.25 बजे चेन्नई एग्मोर पहुंचेगी (2 सेवाएं)।

इस ट्रेन में 8 कोच होंगे। यह ट्रेन अपनी यात्रा के दौरान चेन्नई एग्मोर से होते हुए ताम्बरम, विल्लुपुरम, तिरुचिरापल्ली, डिंडीगुल,मदुरै, विरुदुनगर, तिरुनेलवेली होते हुए नागरकोइल स्टेशनों पर रूकेगी।

# सेंथिल बालाजी की जमानत याचिका तीसरी बार खारिज

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**चेन्नई।** धनशोधन मामले में पिछले साल प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा गिरफ्तार तमिलनाडु के मंत्री वी सेंथिल बालाजी की जमानत याचिका यहां की सत्र अदालत ने शुक्रवार को खारिज कर दी। यह तीसरा मौका था जब अदालत ने उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी। प्रधान सत्र न्यायाधीश एस अल्ली ने द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) नेता की जमानत याचिका इस आधार पर खारिज कर दी कि इस मामले की परिस्थितियों में कोई बदलाव नहीं हुआ है।

प्रवर्तन निदेशालय ने 14 जून, 2023 को बालाजी को नौकरी घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में गिरफ्तार किया था। यह घोटाला पूर्ववर्ती अन्नाद्रमुक शासन के दौरान का है जब वह परिवहन मंत्री थे। गिरफ्तारी के तुरंत बाद, शहर के एक निजी अस्पताल में उनकी बाईपास सर्जरी की गई थी। बाद में, ईडी ने उन्हें पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया। बाद में उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। अदालत समय-समय पर उसकी रिमांड अवधि बढ़ाती रही है। अगस्त में, केंद्रीय एजेंसी ने बालाजी के खिलाफ 3000 पृष्ठों का आरोपपत्र दायर किया था। मद्रास उच्च न्यायालय ने 19 अक्टूबर को बालाजी की जमानत याचिका खारिज कर दी थी।

पोंगल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



चेन्नई में शुक्रवार को वेलाचेरी क्षेत्र में भाजपा की ओर सी भाजपा प्रदेश सचिव सूर्या एसजी के नेतृत्व में पोंगल त्यौहार मनाया गया। जिसमें भाजपा की राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष वानती श्रीनिवासन ने भाग लिया। उन्होंने सभी को पोंगल की शुभकामनाएं दी।

# कर्नाटक सरकार ने स्नातक और डिप्लोमा धारकों के लिए बेरोजगारी भत्ता योजना शुरू की

**शिव्वमोग्गा।** कर्नाटक सरकार ने स्नातक पास युवाओं को 3,000 रुपये तथा डिप्लोमा धारकों को 1,500 रुपये का मासिक बेरोजगारी भत्ता देते हुए कांग्रेस की 'पांचवीं गारंटी' की शुक्रवार को शुरुआत की।

मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने 'युवा निधि'' योजना की सांकेतिक रूप से शुरुआत करते हुए छह लाभार्थियों को चेक सौंपे। यह योजना उन स्नातक और डिप्लोमा धारक युवाओं के लिए है जो अकादमिक वर्ष 2022-23 में पास हुए और शिक्षा पूरी करने के 180 दिन बाद भी बेरोजगार हैं। बेरोजगारी भत्ता केवल दो साल के लिए दिया जाएगा और लाभार्थी को नौकरी मिलने के तुरंत बाद यह खत्म हो जाएगा। जिन युवाओं ने उच्च शिक्षा के लिए पंजीकरण कराया है और जो आगे पढ़ाई करना चाहते हैं, वे इस योजना के पात्र नहीं हैं।

राज्य सरकार ने मौजूदा वित्त वर्ष में इस योजना के लिए 250 करोड़ रुपये की मंजूरी दी है। उसका अनुमान है कि अगले साल सरकारी खजाने पर इसका 1,200 करोड़ रुपये का खर्च आएगा और 2026 के बाद से हर साल 1,500 करोड़ रुपये का खर्च आएगा। कांग्रेस सरकार चार गारंटी की शुरुआत पहले ही कर चुकी है जिसमें सरकारी बसों में कर्नाटक की महिलाओं को निशुल्क यात्रा कराने वाली 'शक्ति', बीपीएल परिवारों को 10 किलो चावल देने वाली 'अन्न भाग्य', 200 यूनिट तक की निशुल्क बिजली देने वाली 'गृह ज्योति' और एपीएल/बीपीएल राशन कार्ड धारक परिवारों की महिला मुखिया को हर महीने 2,000 रुपये देने वाली 'गृह लक्ष्मी' शामिल हैं। सिद्दरामैया ने यहां पत्रकारों से कहा, हम लाभार्थियों को कौशल विकास प्रशिक्षण देंगे। इस योजना का लाभ दो साल के लिए दिया जाएगा। अगर उन्हें कोई नौकरी मिल जाती है चाहे सरकारी हो या निजी तो यह लाभ तुरंत बंद कर दिया जाएगा। कौशल विकास विभाग यह तय करेगा कि कौन-सा प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# तमिलनाडु स्कूल शिक्षा विभाग ने एआई-आधारित शिक्षा का विस्तार करने के लिए माइक्रोसॉफ्ट के साथ की साझेदारी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** तमिलनाडु के स्कूल शिक्षा विभाग ने राज्य में टेक्नोलॉजी एजुकेशन एंड लर्निंग सपोर्ट (टीईएएलएस) का विस्तार करने के लिए माइक्रोसॉफ्ट के साथ साझेदारी की है। यह परियोजना जो राज्य में तीन जिलों के 14 स्कूलों में पायलट आधार पर थी, अब 100 स्कूलों तक विस्तारित की जाएगी। शिक्षकों को छात्रों को एचटीएमएल, सी प्लस प्लस, पायथन, गेम डेवलपमेंट और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सिखाने के लिए प्रशिक्षित किया गया है।

यह पहल भारत में पहली बार शुरू की गई है और इससे क्लास 8 से 12 तक के छात्रों को लाभ होगा। तमिलनाडु के स्कूल शिक्षक जो वर्तमान शैक्षणिक वर्ष की शुरुआत से प्रशिक्षण ले रहे हैं, उन्होंने अब छात्रों को टीईएएलएस मॉड्यूल के बारे में पढ़ाना शुरू कर दिया है।

माइक्रोसॉफ्ट शिक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है और प्रगति की निगरानी कर रहा है। माइक्रोसॉफ्ट के डेटा और एआई निदेशक सेसिल एम. सुंदर ने कहा कि अगले 5-10 वर्षों में एआई आधारित नौकरियों की भारी मांग होगी और इन स्किल्स से लैस छात्रों को नौकरी के अधिक अवसर मिल सकेंगे।

# कर्नाटक में अंतरधार्मिक जोड़े पर हमला मामले ने लिया राजनीतिक रंग

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**हावेरी/बेंगलूरु।** कर्नाटक के हावेरी जिले में एक अंतरधार्मिक जोड़े पर हमला मामले में नया मोड़ आ गया, जब महिला ने सामूहिक दुष्कर्म का आरोप लगाया। इस घटना ने राजनीतिक रंग ले लिया और विपक्षी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने इस मुद्दे को लेकर सिद्धरमैया सरकार पर निशाना साधा। पुलिस ने कहा कि हावेरी जिले के हंगल में एक होटल के कमरे में कथित तौर पर घुसकर जोड़े पर हमला करने वाले सात लोगों पर सामूहिक बलात्कार का आरोप लगाया गया है। पुलिस के अनुसार महिला ने शिकायत की थी कि उसका यौन उत्पीड़न किया गया था। उसने बताया कि आठ जनवरी की घटना के सिलसिले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जो अल्पसंख्यक समुदाय से हैं।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को बताया, बृहस्पतिवार को पीड़िता के बयान मजिस्ट्रेट के समक्ष दर्ज किए गए जिसमें उसने आरोप लगाया कि सात लोगों ने उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया था। उन लोगों ने महिला के साथ मारपीट भी की और अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया। उन्होंने बताया, ''महिला के दावे के बाद हमने प्राथमिकी में धारा 376 डी जोड़ दी है। हमने इस घटना के संबंध में अब तक तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।'' उन्होंने कहा, ''एक अन्य संदिग्ध इस घटना के एक दिन बाद एक दुर्घटना का शिकार हो गया और अस्पताल में भर्ती है। अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद उसे हिरासत में लिया जाएगा। हमारी टीम इस मामले के अन्य संदिग्धों का पता लगाने की कोशिश कर रही है। हमने सब की पहचान कर ली है।'' भाजपा की कर्नाटक इकाई ने इस घटना को लेकर शुक्रवार को कांग्रेस सरकार पर हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि राज्य में महिलाओं के खिलाफ अपराधों में वृद्धि बड़े पैमाने पर अराजकता को दर्शाती है। पार्टी ने आरोप लगाया कि अपराधियों को पुलिस का डर नहीं रह गया है और सरकार सो रही है।

इस घटना के बारे में पूछे जाने पर राज्य के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने 'पीटीआई वीडियो' से कहा, ''यह नैतिक ठेकेदारी का सवाल नहीं है। एक महिला एक व्यक्ति के साथ लॉज में जाती है। कई लोगों ने उसे किसी के साथ जाते देखा और पूछताछ की और अब दो दिन बाद वह सामने आ कर कह रही है कि उसके साथ सामूहिक बलात्कार किया गया।'' उन्होंने कहा, पुलिस ने एक मामला दर्ज किया गया है और गिरफ्तारियां भी हुई हैं। जांच चल रही है। एक बार जांच पूरी हो जाए और तथ्य सामने आ जाएं तो पुलिस तदनुसार आगे कार्रवाई करेगी।'' परमेश्वर ने जोर दिया कि कर्नाटक में कानून व्यवस्था की स्थिति नियंत्रण में है। उन्होंने भाजपा पर इस मुद्दे का राजनीतिकरण करने की कोशिश करने का आरोप लगाया।

भाजपा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर आरोप लगाया कि हावेरी की घटना राज्य में कानून व्यवस्था के पूरी तरह से खराब होने का गंभीर परिणाम है। पार्टी ने आरोप लगाया, हावेरी में एक मुस्लिम महिला का चौंकाने वाला यौन उत्पीड़न सिद्दरामैया नीत कांग्रेस सरकार के तहत कानून व्यवस्था में पूरी तरह से गिरावट का गंभीर परिणाम है। मुस्लिम युवकों का दुस्साहस, दिनदहाड़े अंतरधार्मिक जोड़े पर बेरहमी से हमला और अपहरण नागरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने में सरकार की विफलता को उजागर करता है। भाजपा के आरोपों को खारिज करते हुए परमेश्वर ने कहा, ''...और भाजपा इसे राजनीतिक मुद्दा बनाना चाहती है.... इससे राजनीतिक लाभ उठाना चाहती है। हम हर मामले पर गौर करते हैं। कानून व्यवस्था की स्थिति नियंत्रण में है।'' पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता बसवराज बोम्मई ने आरोप लगाया कि जहां तक नैतिक ठेकेदारी का का सवाल है, राज्य सरकार और मुख्यमंत्री द्वारा दोहरा मापदंड अपनाया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि हावेरी पुलिस ने मामले को रफादफा करने की कोशिश की और पीड़िता से यह बयान लेने की कोशिश कर रही थी कि सामूहिक बलात्कार नहीं हुआ था। उन्होंने कहा, लेकिन पीड़िता बहुत साहसी है। उसने मजिस्ट्रेट के सामने अपना बयान दिया है। इसके बाद उन्होंने दुष्कर्म का मामला दर्ज किया है।

इस बीच राष्ट्रीय महिला आयोग ने कर्नाटक के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) से इस मामले के आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता के प्रासंगिक प्रावधानों को लागू करते हुए प्राथमिकी दर्ज करने को कहा है। आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने नयी दिल्ली में संवाददाताओं से कहा कि अगर तीन दिन के भीतर कोई जवाब नहीं मिलता है, तो निकाय एक टीम वहां भेजेगी।

# नाबालिग छात्रा के साथ बस क्लीनर ने किया रेप

**बेंगलूरु।** 9वीं कक्षा की छात्रा से बलात्कार के आरोप में कर्नाटक पुलिस ने 24 वर्षीय बस क्लीनर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शुक्रवार को कहा कि यह मामला बेंगलूरु ग्रामीण जिले के दाबसपेट पुलिस स्टेशन की सीमा में दर्ज किया गया है।

पुलिस के मुताबिक 14 साल की लड़की एक प्राइवेट बस से स्कूल जाती थी। लड़की एक सप्ताह पहले घर नहीं लौटी, इसके बाद माता-पिता ने पुलिस में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने जांच के दौरान पाया कि आनंद नाम का आरोपी उसे बेंगलूरु के येलहंका इलाके में एक किराए के मकान में ले गया था। जहां आरोपी ने छात्रा का ब्रेनवॉश करके उसका शोषण किया। पुलिस ने घर पर छापा मारकर लड़की को छुड़ा लिया। जांच से पता चला कि आरोपी को 2021 में बयादरहल्ली पुलिस स्टेशन की सीमा से रिपोर्ट किए गए एक पॉक्सो मामले में जेल में था। आरोपी को पिछले साल रिहा कर दिया गया था।

# संक्रांति उत्सव के लिए यशवंतपुर और कोचुवेली के बीच विशेष एक्सप्रेस ट्रेन

**बेंगलूरु।** दक्षिण पश्चिम रेलवे से प्राप्त जानकारी के अनुसार संक्रांति महोत्सव के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को कम करने के लिए, दक्षिण पश्चिम रेलवे ने यशवंतपुर और कोचुवेली स्टेशनों के बीच एक विशेष एक्सप्रेस ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। विशेष ट्रेन संख्या 06235 यशवंतपुर-कोचुवेली एक्सप्रेस स्पेशल 13 जनवरी को रात 11.55 बजे यशवंतपुर से प्रस्थान करेगी और अगले दिन शाम 07.10 बजे अपने गंतव्य कोचुवेली पहुंचेगी। वापसी यात्रा में ट्रेन नंबर 06236 कोचुवेली-यशवंतपुर एक्सप्रेस स्पेशल 14 जनवरी को रात 10 बजे कोचुवेली से प्रस्थान करेगी और अगले दिन शाम 04.30 बजे अपने गंतव्य, यशवंतपुर पहुंचेगी। रास्ते में, ट्रेन एसएमवीटी बेंगलूरु, व्हाइटफील्ड, बंगारपेट, कुप्पम, सेलम, इरोड, तिरुप्पुर, कोयंबटूर, पलक्कड़, ओट्टापलम, त्रिशूर, अलुवा, एर्नाकुलम टाउन, कोट्टायम, तिरुवल्ला, चेंगन्नूर, कायनकुलम और कोल्लम स्टेशनों पर रुकेगी।




# देश की अर्थव्यवस्था में सीए की भूमिका महत्वपूर्ण : शर्मा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि भारत आज विश्व की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था है। इसमें देश के चार्टर्ड अकाउंटेंट्स का महत्वपूर्ण योगदान है। देश की अर्थव्यवस्था को गति और दिशा देने में सीए का महत्व सर्वविदित है। जिस तरह चिकित्सक नागरिकों के स्वास्थ्य के लिए आवश्यक हैं, वैसे ही सीए देश के आर्थिक स्वास्थ्य के लिए जरूरी हैं। मुख्यमंत्री जयपुर में आयोजित चार्टर्ड अकाउंटेंट्स की दो दिवसीय राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस ''वेदा'' को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने देश-दुनिया से आए चार्टर्ड अकाउंटेंट्स को नववर्ष, युवा दिवस, लोहड़ी एवं मकर सक्रांति की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सीए अपने वित्तीय ज्ञान और कौशल का उपयोग कर देश के आर्थिक विकास और स्थिरता में महत्ती भूमिका निभा रहे हैं। इस कॉन्फ्रेंस में होने वाला विमर्श राज्य व देशहित में सकारात्मक भूमिका निभाएगा। टेक्नोलॉजी एवं लेखांकन में नए बदलावों से पैदा होने वाली चुनौतियों का सामना करने और आपसी ज्ञान को साझा करने हेतु ऐसे सम्मेलन बहुत उपयोगी हैं। उन्होंने कॉन्फ्रेंस प्रतिभागियों से प्रदेश हित में वित्तीय प्रबंधन के रोडमेप से संबंधित सुझाव देने का आह्वान किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आईसीएआइ (इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया) चार्टर्ड अकाउंटेंसी को नियम अनुरूप चलाने में बेहद अहम जिम्मेदारी का निर्वाह कर रहा है। ये गौरव का विषय है कि आईसीएआई 11.50 लाख से अधिक सदस्यों और छात्रों के साथ दुनिया में सीए का सबसे बड़ा पेशेवर निकाय है। भारत में करीब 4 लाख और राजस्थान में करीब 30 हजार सीए देश सेवा के काम में लगे हुए हैं। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी जी के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में आपकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने हाल में सीए परीक्षा में पास हुए सभी युवाओं और विशेष रूप से राजस्थान से इस परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले मधुर जैन, तीसरा स्थान प्राप्त करने वाले टिकेन्द्र कुमार सिंघल, ऋषि मलहोत्रा और मेरिट में स्थान प्राप्त करने वाले विनय मंगतानी, मानसी गुप्ता और तुषार जैन को भी बधाई दी।

शर्मा ने उन्हें सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रदेश के चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ने विश्वभर में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। आप अपनी मेहनत व शिक्षा के बल पर इस मुकाम पर पहुंचे हैं। आपका कर्त्तव्य है कि आप देशहित में अपनी भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि सीए अर्थव्यवस्था एवं वित्तीय प्रदर्शन में सुधार संबंधी महत्वपूर्ण सुझाव देने के साथ-साथ कर कानूनों के प्रति जागरूकता और अनुपालना सुनिश्चित करते हैं। व्यवसाय के अतिरिक्त आंतरिक नियंत्रण प्रणालियों की स्थापना और समीक्षा भी सीए ही करते हैं। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है आप अपने कौशल और ज्ञान का उपयोग समाज को बेहतर बनाने में निरंतर करते रहेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले चार्टर्ड अकाउंटेंट्स को पुरस्कृत किया। साथ ही उन्होंने राजस्थान के चार्टर्ड अकाउंटेंट्स की डायरेक्टरी का विमोचन भी किया। इस दौरान विष्णु अग्रवाल, संजय झंवर, प्रकाश शर्मा सहित आईसीएआई से जुड़े पदाधिकारी एवं कॉन्फ्रेंस प्रतिभागी उपस्थित रहे।

# राजस्थान में शीतलहर जारी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के अनेक हिस्सों में शीत लहर जारी है जहां सीकर के फतेहपुर में न्यूनतम तापमान एक डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। राज्य में मौसम मुख्यतः शुष्क रहा। गंगानगर में आज घने कोहरे के साथ शीत दिवस दर्ज किया गया। चूरू और पिलानी में न्यूनतम तापमान 2.2 डिग्री, सीकर में 2.5 डिग्री, करौली में 2.9 डिग्री, संगरिया और धौलपुर में 3 डिग्री, श्रीगंगानगर में 4.1 डिग्री, अंता में 5.1 डिग्री, एरनपुरा रोड में 5.2 डिग्री, भीलवाड़ा में 5.4 डिग्री और वनस्थली में 5.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। राज्य के कई शहरों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया। जयपुर में आज सुबह तापमान 7.4 डिग्री दर्ज किया गया।

## सुनवाई



जयपुर में शुक्रवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मुख्यमंत्री निवास (ओटीएस) में जनसुनवाई कर आमजन की परिवेदनाओं को सुना।

# अधिकारी पांच दिवसीय अभियान चलाकर खनन माफिया पर कसें नकेल : मुख्यमंत्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने बृहस्पतिवार को अधिकारियों को पांच दिवसीय अभियान चलाकर राज्य में खनन माफिया पर नकेल कसने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि अवैध खनन विशेषकर बजरी खनन को रोकना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा सख्त एवं प्रभावी कार्रवाई से ही प्रदेश में हो रहे अवैध खनन पर लगाम लगेगी। मुख्यमंत्री ने पुलिस, जिला प्रशासन, वन विभाग, परिवहन विभाग तथा खान विभाग को पांच दिवसीय संयुक्त अभियान चलाकर खनन माफिया के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

शर्मा ने भविष्य में अवैध खनन की रोकथाम सुनिश्चित कराने के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक कार्यबल गठित कर नियमित बैठक आयोजित करने के भी निर्देश दिए। शर्मा मुख्यमंत्री कार्यालय में खान एवं भूविज्ञान विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने पुलिस, प्रशासन एवं विभागीय अधिकारियों से अवैध खनन के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने सभी जिला पुलिस अधीक्षकों को खनन माफिया पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जब सख्ती से कानून की पालना सुनिश्चित होगी, तभी अवैध खनन करने वालों में भय पैदा होगा। शर्मा ने संयुक्त अभियान के लिए कलेक्टर स्तर पर संयुक्त कार्यबल गठित के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अवैध खनन पर निगरानी रखने के लिए ड्रोन तथा अन्य आधुनिक तकनीक की मदद ली जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि राज्य भर में खनन कार्य नियमानुसार हो, ताकि अवैध खनन पर अंकुश लगे और वैध खनन को बढ़ावा मिले। शर्मा ने नियमित रूप से खनन पट्टों की नीलामी के भी निर्देश दिए। उन्होंने खान विभाग के अधिकारियों को अवैध खनन के संबंध में नियमित रिपोर्ट प्रेषित करने तथा इस संबंध में पिछले 10 दिनों में की गई कार्रवाई की रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए।



# हेरिटेज वॉक के साथ हुआ आगाज, शहरवासियों ने पुष्प वर्षा कर किया मेहमानों का स्वागत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बीकानेर। हेरिटेज वॉक के साथ बीकानेर जिले में चल रहें तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय ऊंट उत्सव का उत्साह शुक्रवार को अपने चरम पर रहा। उत्सव के पहले दिन देशी-विदेशी सैलानी लोक संस्कृति के इस जश्न में डूबे नजर आए। उत्सव की शुरुआत रामपुरिया हवेली से हुई। हेरिटेज वॉक में सजे-धजे ऊंट, रोबीले और पारम्परिक रंग बिरंगी वेशभूषा में सजी-धजी महिलाओं और लोक कलाकारों ने शिरकत की। हेरिटेज वॉक में स्थानीय लोगों ने भी लोक कलाकारों के साथ जमकर नृत्य किया, साथ ही गेर , कालबेलिया और नगाड़ों की थाप पर विदेशी पर्यटक भी थिरकते नजर आए।

इस दौरान हेरिटेज रूट की हवेलियों की बारीक नक्काशी देखकर पर्यटक अभिभूत हुए। उनमें पूरे दृश्य को अपने-अपने कैमरों में कैद करने की होड़ सी दिखी। स्थानीय लोक कलाकारों ने लोक गीतों के साथ रम्मतों के दौरान गाए जाने वाले गीत प्रस्तुत किए और नृत्य करते हुए यहां की संस्कृति से रूबरू करवाया। लोगों में लोक कलाकारों के साथ सेल्फी लेने का क्रेज भी देखा गया। वॉक के दौरान शहरवासियों ने विभिन्न स्थानों पर पुष्प वर्षा और रंगोली सजाकर मेहमानों का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। हेरिटेज वॉक के दौरान शहरी परकोटे में उत्सव का माहौल बन गया। हेरिटेज वॉक को देखने के लिए अलसुबह ही बड़ी संख्या में पर्यटक और स्थानीय लोग पहुंचे। हेरिटेज वॉक का रामपुरिया हवेली से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए राव बीकाजी की टेकरी पर पंहुच कर समापन हुआ। बीकाजी की टेकरी पर पर्यटन विभाग द्वारा प्रतिभागियों के लिए रंगोली, मेहंदी एवं ड्राइंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, साथ ही विजेता प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह देकर पुरस्कृत किया गया।

# पुलिस प्रशिक्षण स्कूल में दीक्षांत परेड आयोजित

अजमेर। राजस्थान में अजमेर के किशनगढ़ स्थित राजस्थान पुलिस प्रशिक्षण स्कूल में शुक्रवार को दीक्षांत परेड समारोह आयोजित हुआ। राज्य की अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस (प्रशिक्षण) मालिनी अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में आयोजित समारोह में नव महिला आरक्षी प्रशिक्षु बैच का 36 सप्ताह का प्रशिक्षण कोर्स पूरा होने के बाद दीक्षांत परेड आयोजित की गयी। किशनगढ़ परेड ग्राउंड पर महिला जवानों को दिलायी गयी पद एवं गोपनीयता की शपथ में 382 महिला पुलिस कांस्टेबल बनी। इस मौके पर प्रशिक्षण के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला पुलिस कर्मियों को सम्मानित भी किया गया। प्रशिक्षण समापन के बाद महिला पुलिस की जवानों को संबंधित जिला इकाई के लिये विदाई दी गयी। समारोह में जिला कलेक्टर डॉ. भारती दीक्षित, महानिरीक्षक लतामनोज कुमार, आरपीटीसी प्राचार्य उप महानिरीक्षक समीर कुमार सिंह, अजमेर सीट से सांसद भागीरथ चौधरी, विधायक डॉ विकास चौधरी सहित पुलिस के अधिकारी मौजूद रहे।



# राजस्थान में विकास कार्यों को गति देगी भाजपा की डबल इंजन सरकार : वैष्णव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को कहा कि 2014 से पहले तत्कालीन संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार ने राजस्थान जैसे बड़े राज्यों की पूरी तरह अनदेखी की और इस प्रदेश में अब भाजपा की 'डबल इंजन' सरकार विकास को गति देगी। वैष्णव ने कहा कि केंद्र में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)-नीत सरकार आने के बाद रेलवे के विकास कार्यों का बजट कई गुना बढ़ा है।

उन्होंने यहां पत्रकारों से कहा, वर्ष 2014 तक तत्कालीन संप्रग सरकार ने राजस्थान जैसे बड़े राज्यों की पूरी तरह से अनदेखी की। अब राजस्थान में 83 स्टेशनों का पुनर्विकास किया जा रहा है तथा राज्य में 'डबल इंजन' सरकार बनने से इस काम में अब और तेजी आएगी। जयपुर रेलवे स्टेशन के चल रहे पुनर्विकास कार्य का निरीक्षण करने के बाद उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री (नरेन्द्र) मोदी के दृष्टिकोण के अनुसार, रेलवे स्टेशनों का संपूर्ण कायाकल्प किया जा रहा है। हमारा ध्यान रेलवे को विश्वस्तरीय बनाने की ओर है।

उन्होंने कहा कि सांगानेर रेलवे स्टेशन को भी 'अमृत भारत स्टेशन' योजना में शामिल कर विश्वस्तरीय बनाया जाएगा। रेल मंत्री ने कहा कि अब राज्य की 'डबल इंजन' सरकार में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने निर्देश दिये हैं कि मुख्य सचिव और रेलवे महाप्रबंधक महीने में एक बार बैठक करेंगे।

रेल, संचार, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री वैष्णव जयपुर के एक-दिवसीय दौरे पर हैं। उन्होंने 717 करोड़ रुपये की लागत से जयपुर स्टेशन के किये जा रहे पुनर्विकास कार्य की प्रगति की समीक्षा की। इसके बाद उन्होंने सांगानेर स्टेशन का भी निरीक्षण किया। रेलवे प्रवक्ता के अनुसार, रेलवे बोर्ड ने 10 जनवरी को ही सांगानेर स्टेशन को 'अमृत भारत स्टेशन' योजना में शामिल किया है।



# सौ दिवसीय कार्य योजना का समय बद्धता के साथ करें क्रियान्वयन : कृष्णा कुणाल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। महिला एवं बाल विकास शासन सचिव कृष्ण कुणाल ने महिला एवं बाल विकास के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे राज्य सरकार की 100 दिवसीय कार्य योजना का समयबद्धता के साथ क्रियान्वयन करें। कुणाल ने आई सी डी एस निदेशालय के नए निदेशक ओम प्रकाश बुनकर की उपस्थिति में शुक्रवार को समेकित बाल विकास सेवाएं निदेशालय (आई सी डी एस) में आयोजित समीक्षा बैठक में उक्त निर्देश दिए। उन्होंने राज्य सरकार के संकल्प पत्र के बिंदुओ पर चर्चा कर उनकी पालन सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने बीएफसी के प्रस्ताव की समीक्षा की। इसके साथ ही बजट में जिस राशि का प्रावधान किया गया है उसका व्यय 31 मार्च 2024 तक किया जाना सुनिश्चित करने के निर्देश। उन्होंने निर्देश दिए कि पोषाहार आपूर्ति एवं वितरण व्यवस्था की नियमित समीक्षा की जाए तथा लाभार्थियों को सभी योजनाओं का लाभ दिलवाया जाना सुनिश्चित किया जाए।

शासन सचिव ने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में सभी पात्र लाभार्थियों का पंजीयन करवरकर लाभ दिया जाना सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। इससे पूर्व महिला एवं बाल विकास शासन सचिव ने निदेशालय समेकित बाल विकास सेवाएं (आईसीडीएस) के जयपुर स्थित मुख्यालय भवन का निरीक्षण किया। महिला एवं बाल विकास शासन सचिव ने निरीक्षण के दौरान स्टोर और रिकॉर्ड रूम को व्यवस्थित करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए विभागीय रिकॉर्ड को ऑनलाइन किया जाए तथा ई – फाइलिंग व्यवस्था को सौ प्रतिशत सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने निर्देश दिए की कार्यालय परिसर में पेयजल और शौचालय की व्यवस्था सुचारू रहे। उन्होंने शौचायलयों में सफाई रखने के साथ ही मुख्यालय के सभी कक्षों में साफ सफाई एवं स्वच्छता बनाए रखने के लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि गन्दगी अथवा धूल-डस्त होने पर कर्मचारियों अधिकारियों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है और उन्हें अस्थमा जैसी कई बीमारियां हो सकती है।

# दिनेश कुमार ने संभाला राजस्थान के प्रमुख आवासीय आयुक्त का पदभार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। भारतीय प्रशासनिक सेवा के 1996 बैच के वरिष्ठ आई.ए.एस. अधिकारी दिनेश कुमार ने शुक्रवार को नई दिल्ली के बीकानेर हाउस स्थित राजस्थान के मुख्य आवासीय आयुक्त कार्यालय में प्रमुख आवासीय आयुक्त का पदभार ग्रहण कर लिया। दिनेश कुमार अब सामान्य प्रशासन विभाग, संपदा, कैबिनेट, स्टेट मोटर गैराज, नागरिक एवं उड्डयन विभागों के प्रमुख शासन सचिव के साथ-साथ नई दिल्ली में प्रमुख आवासीय आयुक्त का पदभार भी संभालेंगे। इस अवसर पर मुख्य आवासीय आयुक्त कार्यालय में अतिरिक्त आवासीय आयुक्त श्रीमती अन्जू ओम प्रकाश ने प्रमुख आवासीय आयुक्त दिनेश कुमार को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। पदभार ग्रहण करने के बाद दिनेश कुमार ने नई दिल्ली स्थित राजस्थान सरकार के विभिन्न कार्यालयों की कार्य प्रकृति और कार्यो की जानकारी ली।



उल्लेखनीय है कि दिनेश कुमार ने इससे पूर्व उर्जा, खनिज एवं पेट्रोलियम विभाग के प्रमुख शासन सचिव, चेयरमैन डिस्कॉम, शासन सचिव पी.एच.ई.डी., आबकारी आयुक्त, विशिष्ट सचिव मुख्यमंत्री के साथ ही झुंझुनू, अलवर और सिरोही के कलेक्टर पदों के अतिरिक्त अन्य महत्वपूर्ण पदों पर अपनी सेवाएं दी है। कुमार ने राज्य के अलावा भारत सरकार के कृषि विभाग में संयुक्त सचिव के पद पर भी अपनी सेवाएं दी हैं। नई दिल्ली के बीकानेर हाउस में दिनेश कुमार के कार्यभार ग्रहण करने के अवसर पर नई दिल्ली में राजस्थान सरकार के दिल्ली स्थित विभिन्न कार्यालयों के अधिकारी और कर्मचारी भी उपस्थित रहे।



## पूजा अर्चना

नाथद्वारा स्थित श्रीनाथ जी मंदिर में शुक्रवार को उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी प्रभु के दर्शन कर उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया । प्रभु श्रीनाथ जी से प्रदेश की सुख-समृद्धि और खुशहाली के लिए कामना की।

## सोने के नकली बिस्कुट के साथ नेपाल के एक नागरिक समेत सात गिरफ्तार

**बलरामपुर (उप्र)/भाषा।** उत्तर प्रदेश के बलरामपुर जिले के पुलिस ने नकली सोने के बिस्कुट बेचने वाले अंतरराष्ट्रीय गिरोह का खुलासा करते हुए इसके सात सदस्यों को गिरफ्तार किया है, जिसमें एक नेपाली नागरिक शामिल है। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि इनके पास से सोने के 10 नकली बिस्कुट एवं एक महंगी कार बरामद किया गया है। नगर क्षेत्राधिकारी बृजनंद राय ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली की अचलापुर के पास कुछ लोग सोने के नकली बिस्कुट के साथ गाड़ी में बैठे हैं, और नकली सोने के बिस्कुट बेच कर लोगों को ठगना चाह रहे है। सूचना मिलते ही पुलिस सक्रिय हो गई और पुलिस ने मौके पर पहुंच कर गाड़ी में बैठे लोगों की तलाशी ली तो उनके पास से 100, 100 ग्राम के सोने के दस नकली बिस्कुट बरामद हुए। पुलिस ने नूरूल हसन, ओमकार, मुमताज, मो वकील, शकील तौफीक, इमरान समेत सात लोगों को गिरफ्तार किया है।

# महाकाव्य रामायण से संबंधित 'थीम' वाले मोबाइल कवर की भारी मांग






दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मेरठ/भाषा।** मोबाइल के कवर विक्रेताओं का कहना है कि 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह से पहले महाकाव्य रामायण से संबंधित थीम वाले कवर की भारी मांग है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीर्थनगरी अयोध्या में मौके पर मौजूद रहेंगे। किशोर नामक एक विक्रेता ने कहा, इस बार राम मंदिर को लेकर बच्चों में बहुत उत्साह है। सुबह से शाम तक बच्चे आते हैं। अगर हम अन्य थीम पर आधारित (मोबाइल) लेमिनेशन करते हैं, तो 20 लेमिनेशन भगवान राम से संबंधित होते हैं। उन्होंने कहा, चाहे धनुर्धारी राम हों, या बिना धनुष धारण किए राम। मैंने भगवान राम या राम मंदिर से संबंधित थीम पर इतना लेमिनेशन होते कभी नहीं देखा। इस थीम पर 20-30 लोग लेमिनेशन के लिए आते हैं।

इन मोबाइल कवर के लिए अधिक ग्राहकों को आकर्षित करने के वास्ते विक्रेताओं ने छूट की पेशकश भी शुरू कर दी है। दिनेश कुमार नामक एक अन्य विक्रेता ने कहा, अगर कोई भगवान राम का भक्त है, तो वह तुरंत इससे संबंधित फोन कवर मांगता है और यह भी बताता है कि बाजार में एक नई चीज आई है। हम ऐसे कवर पर छूट भी देते हैं। जैसे ही रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह को लेकर चर्चा शुरू हुई, हमने 'राम (मोबाइल कवर) केस' भी लाना शुरू कर दिया। अन्य दुकान मालिक राज कुमार खुराना ने कहा, जो भी ग्राहक आ रहे हैं और जो भी नए मॉडल इस्तेमाल में हैं, उनके लिए हम खुद राम मंदिर की थीम पर आधारित कवर बनाएंगे और मुफ्त में बांटेंगे।



## भाजपा के डी टी लेप्चा सिक्किम से राज्यसभा की सीट पर निर्विरोध निर्वाचित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**गंगटोक/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार दोरजी शेरिंग लेप्चा ने सिक्किम में राज्यसभा की एकमात्र सीट निर्विरोध जीत ली है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि लेप्चा के नामांकन पत्रों की जांच करने और सही पाए जाने के बाद उन्हें निर्वाचित घोषित किया गया। लेप्चा चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने वाले एकमात्र व्यक्ति थे।

लेप्चा ने निर्वाचन और राज्य विधानसभा के सचिव ललित कुमार गुरुंग से संसद के उच्च सदन के लिए अपने चुनाव का प्रमाण पत्र प्राप्त किया। जब उन्हें प्रमाण पत्र सौंपा गया तो सहायक निर्वाचन अधिकारी कर्मा टी ग्यात्सो भूटिया और पर्यवेक्षक पेमा लादेन लामा भी उपस्थित थे।

लेप्चा की उम्मीदवारी को सत्तारूढ़ सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा (एसकेएम) का समर्थन प्राप्त था। लेप्चा पाक्योंग जिले की ग्नथांग माचोंग सीट से विधायक थे।

लेप्चा पिछली सिक्किम डेमोक्रेटिक फ्रंट (एसडीएफ) सरकार में मंत्री थे और उनके पास भवन एवं आवास और परिवहन जैसे विभाग थे। सिक्किम की 32 सदस्यीय विधानसभा में एसकेएम के 19, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के 12 और एसडीएफ के एक सदस्य हैं।

## 24 करोड़ की धोखाधड़ी के मामले में एक गिरफ्तार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नोएडा/भाषा।** थाना सेक्टर 63 पुलिस ने जमीन बेचने के नाम पर 24 करोड रुपए का घोटाला करने के मामले में मुख्य आरोपी को शुक्रवार को गिरफ्तार किया। इस घटना मे शामिल अन्य आरोपियों की पुलिस तलाश कर रही है।

थाना सेक्टर 63 के प्रभारी निरीक्षक अवधेश प्रताप सिंह ने बताया कि गौरव शर्मा ने छह दिसंबर 2023 को थाना सेक्टर 63 में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि अकील पुत्र ताहिर खान तथा उसके अन्य साथियों ने जमीन दिलवाने के नाम पर उनसे 24 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी की है।

उन्होंने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही पुलिस ने इस घटना में शामिल मुख्य आरोपी अकील को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने बताया कि अन्य आरोपियों की पुलिस तलाश कर रही है।

सिंह ने बताया कि आरोपियों ने खुद को बड़े जमींदार और राजनीतिक घराने से संबंधित होने का झांसा देकर पीड़ित को अपने जाल में फंसाया तथा उन्हें जमीन दिलवाने के एवज में मोटी रकम हड़प ली थी।



## केंद्र सरकार दिल्ली की सभी झुग्गियों को ध्वस्त करना चाहती है : आम आदमी पार्टी

**नई दिल्ली/भाषा।** आम आदमी पार्टी (आप) ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि भाजपा नीत केंद्र सरकार दिल्ली की सभी झुग्गियों को ध्वस्त करना चाहती है। एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए, दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी और सौरभ भारद्वाज ने कहा कि प्रभावित झुग्गीवासियों के पुनर्वास के बिना राष्ट्रीय राजधानी में झुग्गियों को अमानवीय तरीके से ध्वस्त किया जा रहा है।

इस दौरान आतिशी ने आरोप लगाया कि नौ जनवरी को एक बैठक में केंद्र ने दिल्ली विकास प्राधिकरण और दिल्ली नगर निगम जैसी भूमि-स्वामित्व वाली एजेंसियों को शहर की सभी झुग्गी बस्तियों को खाली करने का निर्देश दिया। नवंबर में, सुंदर नर्सरी और दिल्ली पब्लिक स्कूल के बीच एक झुग्गी बस्ती को अदालत के आदेश के बाद ध्वस्त कर दिया गया था। इस झुग्गी बस्ती में लगभग 1,000 से 1,500 लोग रहते थे, जिनमें से अधिकतर कचरा बीनने वाले, सड़क पर घूम-घूम कर सामान बेचने वाले (फेरी वाले) और मजदूर आदि थे। झुग्गीवासियों ने दावा किया था कि उन्हें सरकार की ओर से किसी दूसरी जगह बसाने का कोई प्रस्ताव दिए बिना दो दिन में अपने घर खाली करने के लिए कहा गया था।

## अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का निमंत्रण न तो व्यक्तिगत, न ही कोरियर से मिला : अखिलेश



**लखनऊ/भाषा।** सपा के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शुक्रवार को कहा कि उन्हें अयोध्या में होने जा रहे भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का निमंत्रण न तो व्यक्तिगत रूप से और न ही कोरियर से मिला हैं। उन्होंने यह भी कहा कि अगर उन्हें निमंत्रण कोरियर से भेजा गया है तो उसकी रसीद उन्हें दिखा दी जाए, ताकि यह पता चल सके कि निमंत्रण सही पते पर ही भेजा गया है या नहीं। अखिलेश ने अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में आमंत्रित किए जाने के सवाल पर कहा, यह (भाजपा) अपमानित करने का काम करते हैं। जब हम कोई कार्यक्रम करते हैं तो अपने परिचित को ही निमंत्रण देते हैं। हम किसी राह चलते को निमंत्रण नहीं देते। हमें कोई निमंत्रण नहीं दिया गया है। इस पर पत्रकार ने कहा कि सपा प्रमुख को निमंत्रण कोरियर से भेजा गया है। अखिलेश ने कहा, अब यह बात सामने आ रही हैं कि मुझे कोरियर से निमंत्रण भेजा गया हैं। मैं कहता हूं कि आप मुझे कोरियर रसीद दिलवा दो ताकि हम पता कर लें कि निमंत्रण हमारे पते पर आ रहा है या किसी दूसरे पते पर जा रहा है।

# जो आस्था रखते हैं वो कभी भी अयोध्या जा सकते हैं : खरगे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि जो भी आस्था रखते हैं वो किसी भी दिन अयोध्या जा सकते हैं। उन्होंने इस बात पर भर जोर दिया कि कांग्रेस, भाजपा की साजिश' में आने वाली नहीं है और बेरोजगारी के मुद्दे को उठाती रहेगी। खरगे ने संवाददाताओं से कहा कि उन्हें प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए जो निमंत्रण मिला है वो व्यक्तिगत था और वह इस बारे में बात करेंगे। उनका कहना था, जो आस्था रखने वाले लोग हैं, वो आज, कल या परसो, जब चाहें (अयोध्या) जा सकते हैं। मैंने यह बात पहले ही स्पष्ट की थी...यह भाजपा की एक साजिश है और वह इस विषय को लेकर बार-बार वार रही है।

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि उनकी पार्टी ने किसी धर्म या धर्मगुरु को कभी दुख नहीं पहुंचाया है। खरगे ने कहा, हमारे मुद्दे केवल ये हैं कि मोदी सरकार ने बेरोज़गार युवाओं के लिए क्या काम किया, महंगाई के बारे में क्या कदम उठाए ? सीमा पर चीनी घुसपैठ पर क्या बोले?'' उन्होंने दावा किया, हमें दलितों, आदिवासियों, पिछड़े वर्ग और समाज के ग़रीब तबके की चिंता है, जो भाजपा को नहीं है। भाजपा ने अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने के लिए कांग्रेस के तीन शीर्ष नेताओं को भेजे गए निमंत्रण को अस्वीकार करने के विपक्षी पार्टी के फैसले की आलोचना की थी और दावा किया था कि इससे भारत की संस्कृति और हिंदू धर्म के प्रति पार्टी का स्वाभाविक विरोध उजागर हो गया है। खरगे, कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और अधीर रंजन चौधरी ने प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होने के निमंत्रण को यह कहते हुए 'ससम्मान अस्वीकार' कर दिया कि यह भाजपा और आरएसएस का आयोजन है तथा 'अर्द्धनिर्मित मंदिर' का उद्घाटन चुनावी लाभ के लिए किया जा रहा है।

## झारखंड: तस्करी कर मवेशियों को ले जा रहा ट्रक पलटा, बड़ी संख्या में पशुओं की मौत

**गुमला/भाषा।** झारखंड के गुमला जिले में शुक्रवार को कथित तौर पर तस्करी कर मवेशियों को ले जा रहा एक ट्रक पुल से गिरकर पलट गया जिससे बड़ी संख्या में पशुओं की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह दुर्घटना सेमरा वन क्षेत्र के पास हुई। वहीं, डबल डेकर कंटेनर ट्रक का इस्तेमाल 100 से अधिक मवेशियों की तस्करी के लिए किया जा रहा था। पालकोट थाने के प्रभारी अनिल लिंडा ने बताया कि इलाके में बचाव अभियान चल रहा है।

लिंडा ने कहा,''फिलहाल हम यह नहीं बता सकते हैं कि दुर्घटना में कितने मवेशियों की मौत हुई होगी। घटनास्थल पर स्थिति को देखकर ऐसा लगता है कि आधे मवेशी मारे गए होंगे। जीवित बचे पशुओं को गैस-कटर मशीन की मदद से निकाला जा रहा है। अन्य अधिकारी ने कहा,''हमारी प्राथमिकता है कि जीवित बचे पशुओं को जल्द निकाला जाए और उनका इलाज किया जाए। उनके अनुसार, संदेह है कि मवेशियों को ओडिशा से पश्चिम बंगाल लेकर जाया जा रहा होगा। दुर्घटना के बाद कंटेनर ट्रक का चालक भागने में कामयाब रहा। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ता दुर्घटना के बाद बड़ी संख्या में घटनास्थल पर एकत्रित हुए।

## भगवान के दर्शन के लिए बिचौलिए नहीं चाहिए, 22 जनवरी का आयोजन धार्मिक नहीं: कांग्रेस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस ने शुक्रवार को दावा किया कि 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम धार्मिक नहीं बल्कि पूरी तरह से राजनीतिक है क्योंकि इसे विधि-विधान से और चारों पीठों के शंकराचार्यों की देखरेख में नहीं किया जा रहा है।

पार्टी के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने भारतीय जनता पार्टी पर पलटवार करते हुए यह भी कहा कि भगवान राम के दर्शन के लिए किसी बिचौलिए की जरूरत नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए 22 जनवरी की तारीख का चयन लोकसभा चुनाव को देखते हुए किया गया है। कांग्रेस नेता ने यह भी स्पष्ट किया कि पार्टी के भीतर हर कोई अपनी आस्था का अनुसरण करने के लिए स्वतंत्र है और पार्टी के शीर्ष नेताओं ने सिर्फ 22 जनवरी के कार्यक्रम के निमंत्रण को अस्वीकार किया है।

भाजपा ने अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने के लिए कांग्रेस के तीन शीर्ष नेताओं को भेजे गए निमंत्रण को अस्वीकार करने के विपक्षी पार्टी के फैसले की बृहस्पतिवार को आलोचना की थी और दावा किया था कि इससे भारत की संस्कृति और हिंदू धर्म के प्रति पार्टी का स्वाभाविक विरोध उजागर हो गया है। कांग्रेस के तीन प्रमुख नेताओं मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी और अधीर रंजन चौधरी ने प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के निमंत्रण को यह कहते हुए 'ससम्मान अस्वीकार' कर दिया था कि यह भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का कार्यक्रम है तथा इसका उद्देश्य चुनावी लाभ लेना है।

खेड़ा ने शुक्रवार को संवाददाताओं से कहा, यह कोई राजनीतिक दल तय नहीं कर सकता कि मैं अपने भगवान से मिलने जाऊं या ना जाऊं। मंदिर में कम से कम किसी इंसान द्वारा तो नहीं बुलाया जाता है और न ही किसी को रोका जाता है। लेकिन यहां तो एक उलटी गंगा बहाई जा रही है। उन्होंने कहा, किसी भी मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा विधि विधान और धर्मशास्त्र के हिसाब से होती है।

## पश्चिम बंगाल में संदेशखाली में ईडी टीम पर हमले के सिलसिले में दो गिरफ्तार

**कोलकाता/भाषा।** पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में पिछले सप्ताह तृणमूल कांगेस के नेता शाहजहां शेख के घर पर छापे के दौरान प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम पर हुए हमले के सिलसिले में शुक्रवार को दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। उसने बताया कि गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान महबूब मोल्लाह और सुकोमल सरदार के रूप में हुई है।

बशीरहाट के पुलिस अधीक्षक जॉबी थॉमस ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, विभिन्न वीडियो फुटेज के आधार पर आज हमने दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि दोनों को अदालत में पेश किया गया और अदालत ने उन्हें तीन दिनों के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया। शेख अब भी फरार हैं। कथित राशन घोटाले के सिलसिले में उनके घर पर छापा मारा गया था। उत्तरी 24 परगना जिले के संदेशखाली में पांच जनवरी को शेख के घर पर छापे के दौरान ईडी अधिकारियों पर कथित तौर पर हमला किया गया और उनका सामान छीन लिया गया था। इस हमले में ईडी के तीन अधिकारी घायल हो गए थे।



## नौकरी घोटाला: ईडी ने पश्चिम बंगाल के मंत्री, टीएमसी नेताओं के आवास पर छापा मारा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कोलकाता/भाषा।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने नगर निकायों में भर्ती में अनियमितता मामले की जांच को लेकर शुक्रवार को सुबह पश्चिम बंगाल के अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा मंत्री सुजीत बोस, तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के विधायक तापस रॉय और उत्तरी दमदम नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष सुबोध चक्रवर्ती के आवासों पर छापे मारे। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ईडी के अधिकारियों ने केंद्रीय बलों के साथ शुक्रवार को सुबह उत्तर 24 परगना जिले के लेक टाउन इलाके में बोस के दो आवासों पर छापे मारे।

अधिकारी के अनुसार, केंद्रीय एजेंसी के अधिकारियों ने तापस रॉय के 'बीबी गांगुली स्ट्रीट' स्थित आवास और चक्रवर्ती के बिराती स्थित आवास पर भी छापे मारे। अधिकारी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, हम नगर निकायों में भर्तियों को लेकर टीएमसी के तीन नेताओं के आवासों पर तलाश अभियान चला रहे हैं..। इस दौरान स्थानीय थानों के पुलिसकर्मी संबंधित स्थानों पर पहुंचे और पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी। सूत्र ने बताया कि ईडी के अधिकारियों को शुरुआत में बोस के आवास में प्रवेश के लिए प्रतिरोध का सामना करना पड़ा और लगभग 40 मिनट बाद उन्हें अंदर जाने की अनुमित दी गई। अधिकारी ने कहा, हमारे पास तलाशी वारंट था और उसे दिखाने के बावजूद हमें शुरु में प्रवेश नहीं करने दिया। इस बार केंद्रीय सुरक्षाबलों के जवान हेलमेट, स्वचालित बंदूक जैसे अतिरिक्त सुरक्षा उपकरण लिए हुए थे। एजेंसी के एक अधिकारी ने कहा कि बीते सप्ताह संदेशखाली में छापेमारी के दौरान ईडी अधिकारियों पर हुए हमले को ध्यान में रखते हुए इस तरह की तैयारी की गई।

ईडी के तीन अधिकारियों पर पांच जनवरी को टीएमसी नेता शाहजहां शेख के समर्थकों ने कथित तौर पर हमला कर दिया था और उनके वाहनों को नुकसान पहुंचाया था। अधिकारी राशन वितरण घोटाले की जांच के सिलसिले में उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखाली स्थित उनके आवास पर छापा मारने का प्रयास कर रहे थे। टीएमसी ने पश्चिम बंगाल में नगर निकाय भर्ती में हुई अनियमितताओं में कथित संलिप्तता के लिए कई पार्टी नेताओं के घरों पर समन्वित तलाशी की निंदा की।

## मणिपुर में थौबल के निजी मैदान से शुरू होगी भारत जोड़ो न्याय यात्रा: कांग्रेस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**इंफाल/भाषा।** कांग्रेस ने शुक्रवार को कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व वाली 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' की शुरुआत मणिपुर की राजधानी इंफाल की बजाय 14 जनवरी को राज्य के थौबल जिले के एक निजी मैदान से होगी। कांग्रेस के मणिपुर अध्यक्ष कीशम मेघचंद्र ने कहा कि इंफाल के हट्टा कांगजेइबुंग मैदान से यात्रा शुरू करने की अनुमति मांगी गई थी लेकिन राज्य सरकार ने कुछ शर्तों के साथ अनुमति दी। इस कारण अंतिम क्षण में कार्यक्रम स्थल में बदलाव करना पड़ा जो पूर्वनियोजित स्थल से 34 किलोमीटर दूर है। उन्होंने कहा,''हमने दो जनवरी को राज्य सरकार को प्रस्ताव दिया था कि इंफाल में भारत जोड़ो न्याय यात्रा को हट्टा कांगजेइबुंग मैदान से हरी झंडी दिखाए जाने की अनुमति दी जाए। हमने यह भी घोषणा की थी कि यात्रा इंफाल से शुरू होगी और मुंबई में संपन्न होगी।

राज्य के कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, हमने 10 जनवरी को इस संबंध में मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह से मुलाकात की थी लेकिन हमें बताया गया कि अनुमति नहीं दी जाएगी। बाद में उस रात एक आदेश जारी किया गया जिसमें हट्टा कांगजेइबुंग मैदान के लिए अनुमति तो दे दी गई लेकिन इसमें शामिल होने वाले लोगों की संख्या सीमित कर दी गई।

## मिजोरम: 68.41 करोड़ की कीमत के नशीले पदार्थ जब्त, तीन गिरफ्तार

**आइजोल/भाषा।** मिजोरम में दो-दो अलग-अलग अभियानों के तहत 68.41 करोड़ रुपए मूल्य के नशीले पदार्थ जब्त किए गए और तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। असम राइफल्स के जवानों ने गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए सियाहा जिले के बुआलपुई गांव में छापा मारा और 225 ग्राम नशीला पदार्थ जब्त किया। असम राइफल्स ने जानकारी दी कि जब्त किए नशीले पदार्थों की अनुमानित कीमत 1.75 करोड़ रुपए है। इसके संबंध में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। एक अन्य ऑपरेशन में जवानों ने चम्फाई जिले के ज़ोखावथर-मेलबुक रोड से 22.2 किलोग्राम वजन वाले मेथामेफ्टामाइन गोलियों के 20 पैकेट जब्त किए गए।

## '2025 में भारत में लौट सकती है फॉर्मूला ई रेस'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**मैक्सिको सिटी/भाषा।** फॉर्मूला ई के सह संस्थापक अलबर्टो लोंगो ने कहा कि यह रेस 2025 में भारत में लौट सकती है और दूसरे शहरों से रेस की मेजबानी के बारे में बात जल्दी ही शुरू की जाएगा। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि हैदराबाद ई प्री रद्द होने के बावजूद वह भारत में रेस कराने को लेकर उत्सुक हैं। हैदराबाद रेस दस फरवरी को होनी थी लेकिन एक सत्र के बाद ही पिछले सप्ताह रद्द कर दी गई। फॉर्मूला ई ने तेलंगाना की नई सरकार पर मेजबान शहर अनुबंध के उल्लंघन का आरोप लगाया।

लोंगो ने पीटीआई से कहा, हम भविष्य में भारत में लौटने पर काम कर रहे हैं। हम दूसरे शहरों से बातचीत करेंगे। उम्मीद है कि 2025 में भारत में रेस का आयोजन हो सकेगा। उन्होंने बताया कि एक भारतीय शहर ने इलेक्ट्रिक रेस की मेजबानी में रूचि जताई है। उन्होंने कहा, अभी अभी हैदराबाद रेस रद्द हुई है। हमसे एक शहर ने संपर्क किया है लेकिन अभी उसके नाम का खुलासा नहीं कर सकता।

# मैने जो धोनी से सीखा, उसे अमल में लाना चाहता था : दुबे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




**मोहाली/भाषा।** अफगानिस्तान के खिलाफ पहले टी20 मैच में 40 गेंद में 60 रन बनाने वाले शिवम दुबे ने अपने तेवर और शैली में बदलाव का श्रेय महेंद्र सिंह धोनी को दिया।

दुबे के आक्रामक अर्धशतक से भारत ने बृहस्पतिवार को छह विकेट से जीत दर्ज की। इस पारी से वह प्लेयर आफ द मैच भी बने। दुबे ने 'जियो सिनेमा' से कहा, जब मैं बल्लेबाजी के लिए आया तो उस पर अमल करना चाहता था जो मैच 'फिनिश' करने के बारे में मैने एमएस धोनी से सीखा है। उन्होने मुझे अलग अलग हालात में खेलना सिखाया और दो तीन टिप्स दिए। उन्होंने कहा, अगर वह मेरी बल्लेबाजी की समीक्षा करते रहेंगे तो मैं अच्छा खेलता रहूंगा। उनकी वजह से मेरा आत्मविश्वास बढा। दुबे ने इससे पहले पिछले साल हांगझोउ एशियाई खेलों में भारत के लिए खेला था। वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू टी20 शृंखला में भारतीय टीम का हिस्सा थे लेकिन खेलने का मौका नहीं मिला। दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिए उनका चयन नहीं हुआ था। दुबे को रोहित शर्मा की कप्तानी में धोनी की झलक मिलती है। उन्होंने कहा, दोनों मुझे ऊपरी क्रम में बल्लेबाजी करने देते हैं। अभी बहुत मेहनत करनी है और मुझे पता है कि वे मेरे साथ हैं और चाहते हैं कि मैं अच्छा खेलूं। इससे मेरे भीतर सकारात्मकता आती है। दुबे ने अफगानिस्तान के कप्तान इब्राहिम जदरान का विकेट भी लिया। इस तेज गेंदबाज ने कहा, मैने आफ सीजन में अपनी फिटनेस पर काफी काम किया है।

## टेस्ट श्रृंखला, आईपीएल में अच्छे प्रदर्शन से विश्व कप टीम में जगह बनाने पर अक्षर की नजरें



**मोहाली/भाषा।** चोट के कारण वनडे विश्व कप से बाहर रहे स्पिनर अक्षर पटेल ने कहा कि उनकी नजरे आईपीएल 2024 में अच्छा प्रदर्शन करके जून में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने पर लगी है। अक्षर ने अफगानिस्तान के खिलाफ पहले टी20 में चार ओवर में 23 रन देकर दो विकेट लिए। उन्होंने कहा, मेरा काम अपना शत प्रतिशत देना है। मैं विश्व कप टीम चयन के बारे में ज्यादा नहीं सोच रहा। अगर सोचूंगा तो दबाव में आ जाऊंगा। उन्होंने कहा, अभी मेरा फोकस आईपीएल पर है और इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट शृंखला भी खेलनी है।

## भविष्य में एसए20 को भारत में आयोजित करना शानदार कदम हो सकता है : बाउचर



**चेन्नई/भाषा।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व क्रिकेटर मार्क बाउचर को लगता है कि एसए20 को भविष्य में भारत में आयोजित करना अच्छा कदम हो सकता है, भले ही इसके लिए 'लॉजिस्टिकल' चुनौतियों का सामना करना पड़े। भारत में चुनावों के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 2009 चरण का आयोजन दक्षिण अफ्रीका में कराया गया था। बाउचर ने स्वीकार किया कि एसए20 भी निकट भविष्य में क्रिकेट के प्रति जुनूनी एशियाई देश में किया जा सकता है। उन्होंने शुक्रवार को यहां वर्चुअल मीडिया बातचीत में कहा, मुझे लगता है कि यह शानदार विचार है। मैं इसके खिलाफ नहीं हूं। आईपीएल दक्षिण अफ्रीका में हो चुका है और हम भी ऐसा ही कर सकते है क्योंकि दोनों क्रिकेट देशों के बीच शानदार रिश्ते हैं।

बाउचर ने कहा, हालांकि भारत में खेलने की चुनौतियां अलग होंगी लेकिन फिर भी यह शानदार होगा। ग्रीम स्मिथ (एसए20 आयुक्त) इस पर काम कर सकते हैं। एसए20 के मौजूदा सत्र में दक्षिण अफ्रीका के बड़े स्टार भाग ले रहे हैं।

### सुविचार

**जिंदगी में अच्छे लोगों की तलाश मत करो, खुद अच्छे बन जाओ, आपसे मिलकर शायद किसी की तलाश पूरी हो जाए।**

## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# मुइज्जू को यह क्या सूझी?

मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की चीन-यात्रा के दौरान जारी संयुक्त बयान पर यही कहा जा सकता है कि अब दूध की रखवाली बिल्ली के हवाले कर दी गई है! चीन, जो दूसरे देशों की संप्रभुता और स्वतंत्रता का सम्मान नहीं करता, जिसकी नजर हमेशा दूसरों की जमीन हड़पने पर ही रहती है, उसका यह कहना अत्यंत हास्यास्पद है कि (चीन) मालदीव के आंतरिक मामलों में 'बाहरी हस्तक्षेप का दृढ़ता से विरोध करता है' और इस द्वीपीय राष्ट्र की संप्रभुता और स्वतंत्रता को कायम करने में उसका समर्थन करता है। बहुत लोगों को तो यह समझ में नहीं आ रहा होगा कि मुइज्जू को अचानक क्या सूझी कि वे भारत के साथ वर्षों पुराने मधुर संबंधों को बिगाड़ने को उतारू हो गए! मुइज्जू के साथ उनकी पूरी मंडली है, जिसने चुनाव से पहले ही भारत-विरोधी रंग-ढंग दिखाने शुरू कर दिए थे। चुनाव के दौरान भी भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुखौटे लगाकर प्रचार करने के आपत्तिजनक तौर-तरीके अपनाए गए थे। मुइज्जू चीन के समर्थक हैं। वे खुद को बीजिंग का बड़ा वफादार साबित करना चाहते हैं। उनके तीन पूर्व मंत्रियों ने भारत और उसके प्रधानमंत्री के बारे में अत्यंत आपत्तिजनक टिप्पणियां की थीं। यह कोई संयोग नहीं है, बल्कि मुइज्जू के निर्देशों के अनुसार ऐसा किया गया है। उन्होंने यही सोचा होगा कि इससे सोशल मीडिया पर थोड़ा-बहुत हंगामा होगा। उसके बाद लोग भूल जाएंगे। लेकिन उनका यह दांव उल्टा पड़ता नजर आ रहा है। भारत में जिन लोगों ने मालदीव घूमने का कार्यक्रम बनाया था, वे धड़ाधड़ टिकटें रद्द करवा रहे हैं। अब तक हजारों लोग ऐसा कर चुके हैं। इससे मालदीव के खजाने पर जोरदार चोट पड़ रही है। वहीं, पर्यटन मानचित्र पर लक्षद्वीप तेजी से उभरकर सामने आ रहा है। भारत सरकार को चाहिए कि यहां पर्यटकों के लिए जरूरी सुविधाओं को बढ़ावा दे। यात्रा कंपनियां भी कमर कस लें। इस बार छुट्टियों में बहुत बड़ी संख्या में लोग लक्षद्वीप घूमने का कार्यक्रम बनाएंगे।

जिस चीन के उकसावे में आकर मुइज्जू भारत से पुराने संबंधों को बिगाड़ने के लिए इतने उतावले हो रहे हैं, वे पहले यह तो जान लें कि आज तक ड्रैगन ने कितने देशों की संप्रभुता और स्वतंत्रता का सम्मान किया है? इसने तिब्बत को हड़प लिया। शिंजियांग को हड़प लिया। सीओके पर अवैध कब्जा कर रखा है। यह ताइवान को युद्ध की धमकियां देता रहता है। हांगकांग में लोकतंत्र समर्थकों का निर्ममता से दमन किया। भारत के अरुणाचल प्रदेश से लेकर लद्दाख तक के इलाके पर इसकी कुदृष्टि है, लेकिन यहां भारतीय सेना के आगे इसकी दाल नहीं गल रही। चीन ने पाकिस्तान और श्रीलंका की अर्थव्यवस्था का बेड़ा गर्क कर दिया। श्रीलंका तो भारत की मदद से संभल गया, लेकिन पाकिस्तान के हालात सुधरने की दूर-दूर तक कोई संभावना नहीं है। चीन दर्जनभर देशों की जमीन पर दावा करता है। मालदीव उसके सामने क्या है? वह इस देश को कर्ज के जाल और मनमानी शर्तों में ऐसा उलझाएगा कि भविष्य में यहां के लोग खामियाजा भुगतेंगे। मुइज्जू ज्यादा दूर न जाएं, श्रीलंका के हंबनटोटा बंदरगाह को ही देख लें। चीन ने कर्ज के बदले जमीन हड़पने का वही दांव मालदीव में चल दिया तो कहां से देंगे? मालदीव तो खुद जमीन की कमी का सामना कर रहा है! जिस तरह जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग की समस्याएं बढ़ रही हैं, उससे समुद्र का जल-स्तर बढ़ रहा है। लिहाजा कुछ दशकों में मालदीव के कई इलाकों का अस्तित्व संकट में होगा। क्या मुइज्जू यह 'योजना' बनाकर चल रहे हैं कि भविष्य में जो होगा, देखा जाएगा, उससे पहले ही इस द्वीपीय राष्ट्र को औने-पौने दामों में बेचकर चलते बनें? मुइज्जू चीन से अनुरोध कर रहे हैं कि वह अपने पर्यटक मालदीव भेजे, ताकि भारतीय पर्यटकों के न आने से जो घाटा हुआ है, उसकी भरपाई हो जाए। वैसे, चीन में भी काफी समुद्र तट हैं, जहां बड़ी संख्या में पर्यटक आते हैं। अगर बीजिंग के निर्देश पर कुछ पर्यटक मालदीव आ भी गए तो चीन, भारत की जगह नहीं ले सकता। मालदीव में समुद्री तूफान या सुनामी जैसी स्थिति हो या दवाइयों, खाद्यान्न, पेयजल, डेयरी उत्पादों की किल्लत, सबसे पहले भारत ही राहत लेकर पहुंचता है। मालदीव में आपात चिकित्सा स्थिति होने पर भारत के चिकित्सक ही लोगों का जीवन बचाने आते हैं। मालदीव के कई मरीजों के गंभीर ऑपरेशन भारतीय अस्पतालों में हुए हैं। और तो और, मालदीव में साल 1988 में तख्ता-पलट की कोशिश को विफल करने के लिए भी भारतीय सुरक्षा बल गए थे। अगर भविष्य में फिर कोई आपात स्थिति हुई तो मुइज्जू बीजिंग से चाहे जितना अनुरोध कर लें, इतनी जल्दी मदद नहीं आएगी। अगर आ भी गई तो ड्रैगन उसके कई गुना दाम किराए और ब्याज समेत वसूलेगा।

## ट्वीटर टॉक



महान विचारक, सनातन धर्म की विचारधारा को सम्पूर्ण विश्व को अवगत करवाने वाले, युवा संन्यासी स्वामी विवेकानंद जी की जयंती पर उनका सादर स्मरण करते हुए कोटि कोटि नमन करता हूं। यह दिन स्वामी जी की स्मृति में 'राष्ट्रीय युवा दिवस' के रूप में भी मनाया जाता है।

**-सीपी जोशी**



शिक्षा के साथ संस्कार ही हैं जो हमें हमारे संस्कृति और धर्म के प्रति चेतना को जागृत रखने का काम करती है। हमें पूर्ण विश्वास है कि सम्पूर्ण राजस्थान वासी अपनी सकारात्मक चेतना का परिचय देते हुए 22 जनवरी के दिन को विश्व पटल पर ऐतिहासिक बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देगी।

**-दीया कुमारी**

### प्रेरक प्रसंग

## जीवन का मंत्र

महान संत तिरुवल्लुर अपनी कुटिया में भजन करते रमे रहते। फिर भी कुछ नामी लोग अपने बाल बच्चों को उनके पास कुछ समय के लिए छोड़ जाते ताकि कुछ सीख मिले। एक बार तो इतने बालक आ गये कि उनके समूह बनाने पड़ गये। एक चौदह साल का किशोर था। उसको केवल यह काम दिया गया कि वह सबकी रखवाली करे। अब वह तो नेता बन गया। भागकर तिरुवल्लुर के पास गया और शिकायत करने लगा। गुरुवर, वह देखो। वह जो समूह है न। बस, समय काट रहा है। और उधर वह देखो। उस समूह को तो बगीचे में गोल-गोल रमण कर रहा है और कुछ नहीं।' 'देखो! प्रिय यह बस खालीपन है आखिर तुम इतने खाली क्यों हो?' वह किशोर उनको देखता रह गया। तिरुवल्लुर ने समझाया, 'चौदह साल के हो और खुद के खालीपन से अनजान हो। इसको भरते नहीं। यह बताओ कि खाली पेट वाला जानवर कहां फंसता है?' 'वह पिंजरे में फंसता है।' किशोर ने जवाब दिया। 'अच्छा, यह बताओ कि खाली दिमाग वाला इंसान।' 'एकदम बेकार और बकवास कामों के जाल में!' 'ओह, सच'। इतने संकेत से ही वह किशोर तिरुवल्लुर से जीवन का मंत्र सीख चुका था।

### सामयिक

# श्रीराम के निमंत्रण को ठुकराने की अपरिपक्व राजनीति

**ललित गर्ग**
मोबाइल : 9811051133




राममलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खरगे और अधीर रंजन चौधरी एवं इंडिया गठबंधन के अन्य दलों ने शामिल नहीं होने का निर्णय लेकर जहां अपनी राजनीतिक अपरिपक्वता का परिचय दिया है, वहीं भारत के असंख्य लोगों की आस्था एवं विश्वास को भी किनारे करते हुए आराध्य देव भगवान श्रीराम को राजनीतिक रंग देने की कुचेष्ठा की है। भले ही यह भारतीय जनता पार्टी एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वर्चस्व का अनुष्ठान है, लेकिन लोकतांत्रिक मूल्यों को प्रतिष्ठा देते हुए कांग्रेस को ऐसे राजनीतिक निर्णय लेने से दूर रहते हुए समारोह में भाग लेना चाहिए था। राम मंदिर के निमंत्रण को ठुकराना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और आत्मघाती फैसला है। ऐसा प्रतीत होता है कि कांग्रेस ने खुद अपनी जमीन को खोखला करने की ठान रखी है। विनाशकाले विपरीत बुद्धि। निश्चित ही कांग्रेस अब भारत की बहुसंख्यक जनता की भावनाओं को नकार रही है, वह राजनीतिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक वास्तविकताओं और भावनाओं से पूरी तरह से कट गई है। इन दिनों कांग्रेस की ओर से लिए जा रहे हर फैसले भारत विरोधी शक्तियों को बल देने, कुछ वामपंथी चरमपंथियों को बढ़ावा देने, जातीयता एवं साम्प्रदायिकता की राजनीति को कायम रखने और शीर्ष पर बैठे नेताओं के आसपास के कुछ कट्टरपंथी अल्पसंख्यकों को खुश करने के लिए है। कांग्रेस ने पिछले कुछ दशकों में अयोध्या में मंदिर के लिए कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाया जो भगवान श्रीराम के अस्तित्व को नकार देने का ही द्योतक है। राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम केवल हिन्दुओं का ही नहीं बल्कि राष्ट्र का उत्सव है। साथ ही देश के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक गौरव का महा-अनुष्ठान है।

बाबर से लेकर औरंगजेब तक सभी मुगल आक्रांताओं ने तलवार के बल पर हिन्दुओं का धर्म परिवर्तन ही नहीं कराया बल्कि हिन्दु मन्दिरों एवं आस्था के केन्द्रों को ध्वस्त किया था। श्रीराम जन्मभूमि, श्रीकृष्ण जन्मभूमि और काशी विश्वनाथ धाम को भी नहीं छोड़ा गया और हजारों मंदिरों कोध्वस्त कर उनके स्थान पर मस्जिदें बनवा दीं गयी। आजादी के बाद इस गौरवमय धार्मिक एवं सांस्कृतिक इतिहास को पुनर्निर्मित करने का काम होना चाहिए था लेकिन कांग्रेस शासन ने संकीर्ण एवं स्वार्थ की राजनीति के कारण ऐसा नहीं होने दिया। आज भाजपा अपनी राष्ट्रीय अस्मिता एवं ऐतिहासिक भूलों को सुधारने काम कर रही है तो उसे राजनीतिक रंग देना मानसिक दिवालियापन एवं राष्ट्र-विरोधी सोच है। श्रीराम मंदिर राजनीति का विषय नहीं है बल्कि आस्था का विषय है। आस्था हर व्यक्ति की अस्मिता से जुड़ा प्रश्न है। राम लला साढ़े पांच सौ वर्षों से इसका इंतजार कर रहे थे। अब वह समय आ गया है, भव्य श्रीराम मंदिर का निर्माण हो चुका है और आगामी 22 जनवरी का दिन इतिहास के पन्नों में दर्ज होने वाला है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस दिन राम लला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा समारोह में उपस्थित रहेंगे। श्रीराम भारतीय समाज के आदर्श पुरुष रहे हैं, भारत की राजनीति के लिये वे प्रेरणास्रोत है, उन्हें केवल भाजपा या आरएसएस का बताने वाले भारत की जनआस्था से स्वयं को ही दूर कर रहे हैं, स्वयं को हिन्दू विरोधी एवं राम-विरोधी होने का आधार ही मजबूत किया है। अच्छा होता निमंत्रण ठुकराने की बजाय इस समारोह में उपस्थित होकर श्रीराम के प्रति एवं असंख्य लोगों की आस्था का सम्मान करते। इस तरह एक जीवंत परम्परा को झुठलाने एवं ठुकराने के निश्चित ही आत्मघाती दुष्परिणाम होंगे।

श्रीराम राज्य तब भी और आज भी राजनीति स्वार्थ से प्रेरित ना होकर प्रजा की भलाई के लिए है। जनता की भलाई एवं आस्था को न देखकर कांग्रेस मुस्लिम एवं ईसाई वोटों को प्रभावित करने के लिये तथाकथित ऐसा निर्णय लिया है, जो उसकी हिन्दू विरोध मानसिकता का द्योतक है। कांग्रेस ने सदैव श्रीराम मंदिर आंदोलन से दूरी बनाकर रखी, मंदिर निर्माण की प्रक्रिया में रोड़े अटकाए और जिसने सर्वोच्च न्यायालय में यह हलफनामा दिया हो कि श्रीराम का कोई अस्तित्व नहीं है, श्रीराम एक काल्पनिक पात्र हैं, उस कांग्रेस के नेताओं से यह अपेक्षा ही कैसे की जा सकती है कि वे श्रीराम मंदिर निर्माण के महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक प्रसंग में उत्साह, उमंग एवं आनंद के साथ शामिल होंगे? कांग्रेस के इस निर्णय से हिन्दू मन के कांग्रेसी नेता अवश्य ही आश्चर्यचकित एवं दुःखी हैं। कांग्रेस के भीतर से ही कई नेताओं ने खुलकर यह कहने की हिम्मत दिखायी है कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम हमारे आराध्य देव हैं इसलिए यह स्वाभाविक है कि भारतभर में अनगिनत लोगों की आस्था इस नवनिर्मित मंदिर से वर्षों से जुड़ी हुई है। कांग्रेस के कुछ लोगों को उस खास तरह के बयान से दूरी बनाए रखनी चाहिए और जनभावना का दिल से सम्मान करना चाहिए। यहां प्रश्न यह भी है कि जब मंदिर निर्माण को मंजूरी देने वाले सुप्रीम कोर्ट के फैसले का कांग्रेस ने स्वागत किया था, तो अब वे इसे केवल भाजपा का पार्टीगत मामला क्यों मान रही है? वास्तव में कांग्रेस एवं अन्य विपक्षी दल केवल एक ही तरीके से भाजपा को इससे होने वाले राजनीतिक लाभ को कम कर सकते है और वह तरीका शालीनता से इस समारोह में भाग लेना और इस बात पर जोर देना है कि श्रीराम सभी के हैं, उन पर किसी एक पार्टी या नेता का एकाधिकार नहीं है। लेकिन एक तरफ न्यायिक प्रक्रिया का स्वागत करना और दूसरी तरफ उद्घाटन-समारोह का न्योता ठुकराना अपने ही पैरों पर कुल्हाड़ी मारने वाली रणनीति है। भले ही कांग्रेस ने सारे नफा-नुकसान को देखकर अपनी धर्मनिरपेक्ष वाली वैचारिक छवि के साथ खड़ी रहने का फैसला लिया हो, लेकिन इस फैसले से सन्निकट खड़े लोकसभा चुनाव में उसे भारी नुकसान ही होगा। वैसे भी श्रीराम के बहुप्रतीक्षित धाम का निर्माण भाजपा का अपना निजी प्रोजेक्ट नहीं है, यह सुप्रीम कोर्ट के फैसले की निष्पत्ति है और इसीलिए यह एक गैर-राजनीतिक घटना है। मंदिर-निर्माण की देखरेख के लिए न्यायिक रूप से स्वीकृत ट्रस्ट का गठन किया गया था और वही उद्घाटन-कार्यक्रम की व्यवस्था कर रहा है।

भाजपा को श्रीराम मन्दिर बनने का राजनीतिक फायदा मिलना स्वाभाविक भी है। मंदिर निर्माण का बीड़ा भाजपा-संघ ने दशकों से उठा रखा था। शायद जब आडवाणी ने 1990 में रथ यात्रा शुरू की, तब इसकी प्रेरणा आस्था और राजनीति दोनों रही होगी, क्योंकि पार्टी को 1984 की अपमानजनक हार से उबारने के लिए एक मजबूत भावनात्मक मुद्दे की जरूरत थी। लेकिन आज इस भव्य मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा तब की जा रही है, जब पार्टी बहुमत से सत्ता में है और उसका नेतृत्व नरेंद्र मोदी जैसे करिश्माई नेता कर रहे हैं। यह स्वाभाविक ही है कि इसका लाभ भाजपा को मिलेगा, खासकर तब जब उद्घाटन चुनावों की पूर्व संध्या पर किया जा रहा है। लेकिन कांग्रेस एवं इंडिया गठबंधन दलों के रुख पर ताज्जुब है।

वास्तव में कांग्रेस एवं विपक्षी दलों का जोर तो श्रीराम पर भाजपा के बराबर ही दावा करने पर होना चाहिए था। उन्हें पुरजोर तरीके से कहना चाहिए था कि मंदिर-निर्माण उन सभी लोगों की जीत है, जो श्रीराम में विश्वास करते हैं, ताकि उसका श्रेय लेने के भाजपा के उद्देश्य को कमजोर किया जा सके। दार्शनिक एवं राजनीतिक दृष्टि से भी ऐसा करना उचित ही होता। निमंत्रण ठुकराने के निर्णय के बाद कांग्रेस हिन्दुओं की सहानुभूति पूरी तरह खो सकती है। देखना होगा कि 'राम के निमंत्रण' को ठुकराने के कांग्रेस के निर्णय को हिन्दू समाज किस तरह लेता है।

बाकी तो 'होई वही जो राम रचि राखा'। विपक्षी गठबंधन में शामिल राजनीतिक दलों के नेता आज भी इस प्रकार के बयान इसलिए दे रहे हैं ताकि श्रीराम मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा महाउत्सव में किसी-न-किसी प्रकार का विवाद खड़ा हो जाए। इसी संदर्भ में वे शंकराचार्यों की उपस्थिति एवं अनुपस्थिति को लेकर वितंडावाद खड़ा करने का प्रयत्न कर रहे हैं, लेकिन हिन्दू समाज इन सब बातों को कुतर्क एवं विपक्षी नेताओं की हताशा-निराशा मानकर अनदेखा कर रहा है। हिन्दू आस्था एवं उजालों पर कालिख पोतने एवं उन्हें कमजोर करने की चेष्ठाओं के दिन अब लद चुके हैं, इसलिए कांग्रेस एवं इंडिया गठबंधन के दलों को अपनी राजनीति जमीन को सुदृढ़ करने के लिये अपनी संकीण एवं पुरातन सोच को बदलना चाहिए।

### चिंतन



**ममता ने यहाँ तक कहा कि तृणमूल कांग्रेस लोकसभा चुनाव के लिए सीट बंटवारे पर कांग्रेस की राष्ट्रीय गठबंधन समिति के साथ किसी भी बैठक में अपने प्रतिनिधियों को नहीं भेजेगी। तृणमूल कांग्रेस ने कांग्रेस को उन दो सीटों की पेशकश की है जो उसने 2019 के लोकसभा चुनाव में जीती थीं। कांग्रेस का कहना है कि दो सीट बहुत कम है और इसे स्वीकार करना मुश्किल है। कांग्रेस की गठबंधन समिति इंडिया के अपने सहयोगियों के साथ सीट बंटवारे को लेकर राज्यवार बातचीत कर रही है।**

# सीट बंटवारे पर कांग्रेस और तृणमूल में तकरार

**अशोक भाटिया**
मोबाइल : 9221232130

विपक्षी गठबंधन में शामिल दलों के बीच सीटों के बंटवारे को लेकर खटपट बढ़ती जा रही है। इससे ऐसा प्रतीत होता है कि भारत गठबंधन में दरार बढ़ती जा रही है क्योंकि इसके दो प्रमुख सहयोगी, कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस, गुरुवार को पश्चिम बंगाल में आगामी लोकसभा चुनावों के लिए सीट बंटवारे को लेकर आपस में भिड़ गए है। सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस का कहना है कि उसने कांग्रेस के लिए अपना दिल खुला रखा है, लेकिन वार्ता नाकाम रहने पर वह अकेले चुनाव लड़ने को तैयार है।ममता ने यहाँ तक कहा कि तृणमूल कांग्रेस लोकसभा चुनाव के लिए सीट बंटवारे पर कांग्रेस की राष्ट्रीय गठबंधन समिति के साथ किसी भी बैठक में अपने प्रतिनिधियों को नहीं भेजेगी। तृणमूल कांग्रेस ने कांग्रेस को उन दो सीटों की पेशकश की है जो उसने 2019 के लोकसभा चुनाव में जीती थीं। कांग्रेस का कहना है कि दो सीट बहुत कम है और इसे स्वीकार करना मुश्किल है। कांग्रेस की गठबंधन समिति 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया ) के अपने सहयोगियों के साथ सीट बंटवारे को लेकर राज्यवार बातचीत कर रही है। तृणमूल कांग्रेस ने कांग्रेस को उन दो सीटों की पेशकश की है, जो उसने 2019 के लोकसभा चुनाव में जीती थीं। बंगाल में लोकसभा की 42 सीट हैं। श्री चौधरी ने दावा किया कि कांग्रेस पश्चिम बंगाल में अधिक सीटें जीतने के लिए काफी मजबूत थी और उन्होंने टीएमसी सुप्रीमो को इस साल लोकसभा चुनाव में उनके गृह क्षेत्र बरहामपुर से उनके खिलाफ चुनाव लड़ने की चुनौती दी।

बंगाल के संदर्भ में पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि तृणमूल की पेशकश पिछले विधानसभा और लोकसभा चुनावों में कांग्रेस के वोट शेयर पर आधारित है। बंगाल की 42 सीटों में से कम से कम 39 सीटों पर कांग्रेस को अतीत में पांच प्रतिशत से भी कम वोट मिले थे। बंगाल में कांग्रेस को 2021 के विधानसभा चुनाव में 2.93 प्रतिशत, 2016 के विधानसभा चुनाव में 12.25 प्रतिशत और 2019 के लोकसभा चुनाव में 5.67 प्रतिशत वोट हासिल हुए थे। वहीं, दूसरी ओर राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि बंगाल की 42 लोकसभा सीटों को देखते हुए ममता नहीं चाहती हैं कि अल्पसंख्यक वोट बैंक का बंटवारा हो। इसलिए कांग्रेस को अपने खेमे में भी लाना चाहती हैं पर अपनी शर्तों पर ।ज्ञात हो कि 2019 के चुनावों में, टीएमसी ने 22 सीटें जीतीं, कांग्रेस ने दो (बेहरामपुर और मालदा दक्षिण) जीतीं, और भाजपा ने 18 सीटें हासिल कीं थी ।

पिछले कुछ दिनों से चल रही जुबानी जंग ने गुरुवार को उस समय भयानक मोड़ ले लिया जब श्री चौधरी ने राज्य में कांग्रेस के साथ गठबंधन को लेकर गंभीर नहीं होने के लिए टीएमसी की ज्यादा आलोचना की।उन्होंने अपने निर्वाचन क्षेत्र में संवाददाताओं से कहा कि टीएमसी बंगाल में गठबंधन को मजबूत करने या बनाने के बारे में गंभीर नहीं है। टीएमसी खुद को सीबीआई और ईडी के चंगुल से बचाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को खुश करने और उनकी सेवा करने में व्यस्त है।मीडिया रिपोर्टों का हवाला देते हुए कहा कि टीएमसी 2019 में कांग्रेस द्वारा जीती गई दो सीटें छोड़ने को तैयार है, श्री चौधरी ने अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा था कि कांग्रेस सीटों के लिए टीएमसी के सामने भीख नहीं मांगने वाली है। उन्होंने अपनी भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा, हमें उनकी भिक्षा की आवश्यकता नहीं है। वे कौन होते हैं यह तय करने वाले कि पार्टी कितनी सीटों पर चुनाव लड़ेगी? अगर जरूरत पड़ी तो हम अपने दम पर लड़ेंगे; पार्टी आलाकमान को इस पर निर्णय लेने दें।

चौधरी ने यह भी कहा था कि हम अपनी ताकत से पश्चिम बंगाल में अधिक सीटें जीत सकते हैं। हम बड़े अंतर से जीतेंगे ... उन्होंने (ममता ने) प्रस्ताव दिया है कि प्रियंका गांधी को वाराणसी में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ मैदान में उतारा जाना चाहिए। मेरे पास एक उन्हें बरहामपुर से मेरे खिलाफ चुनाव लड़ने का सुझाव। मालदा दक्षिण से कांग्रेस सांसद अबू हासेम खान चौधरी ने पिछले महीने दावा किया था कि उन्हें मीडिया से पता चला है कि सीट बंटवारे के समझौते के तहत टीएमसी उनकी सीट और बरहामपुर केवल कांग्रेस पार्टी के लिए छोड़ देगी।

टीएमसी नेतृत्व ने श्री चौधरी की कड़ी आलोचना की और कांग्रेस आलाकमान से आग्रह किया कि अगर वे गठबंधन के बारे में गंभीर हैं तो उन पर लगाम लगाएं।वरिष्ठ टीएमसी सांसद सौगत रॉय ने कहा था कि टीएमसी और हमारी पार्टी सुप्रीमो ममता बनर्जी और गठबंधन को बुरा-भला कहना एक साथ नहीं चल सकता। अगर पार्टी चाहती है तो श्री चौधरी और बंगाल कांग्रेस के कुछ नेताओं द्वारा हमारे ऊपर किए जा रहे नियमित अपमान को रोकना होगा। अगर कांग्रेस आलाकमान बंगाल में गठबंधन चाहता है तो उसे अधीर चौधरी पर लगाम लगानी होगी। श्री रॉय ने आश्चर्य जताया कि श्री चौधरी को ऐसी टिप्पणी करने के लिए किसने प्रेरित किया, उन्होंने कहा कि उन्हें किसने बताया कि हमने दो सीटों की पेशकश की है? हमारी नेता ममता बनर्जी ने कहा है कि बंगाल में, टीएमसी लड़ाई का नेतृत्व करेगी, लेकिन देश भर में, यह होगी। भारतीय गठबंधन जो भाजपा के खिलाफ लड़ेगा।19 दिसंबर को भारत विपक्षी गुट की बैठक के दौरान, टीएमसी ने सीट-बंटवारे समझौते को अंतिम रूप देने के लिए 31 दिसंबर की समय सीमा तय की, एक मांग जो पूरी नहीं हुई।

राजनीतिक परिदृश्य तब उल्लेखनीय रूप से बदल गया जब विपक्षी गुट की बैठक से ठीक पहले ममता बनर्जी ने टीएमसी, कांग्रेस और वाम दलों को शामिल करते हुए तीन-तरफ़ा गठबंधन में विश्वास व्यक्त किया।हालाँकि, कुछ दिनों के भीतर, सुश्री बनर्जी ने सीपीआई (एम) और कांग्रेस पर पश्चिम बंगाल में भाजपा के साथ मिलीभगत का आरोप लगाया, और कहा कि टीएमसी आगामी लोकसभा चुनावों के दौरान बंगाल में भगवा खेमे के खिलाफ लड़ाई का नेतृत्व करेगी, जबकि भारत ब्लॉक राष्ट्रव्यापी लड़ाई का नेतृत्व करेगा। दोनों पार्टियां पहले भी गठबंधन में चुनाव लड़ चुकी हैं, जिनमें 2001 विधानसभा चुनाव, 2009 लोकसभा चुनाव और 2011 विधानसभा चुनाव शामिल हैं। 2011 में, कांग्रेस-टीएमसी गठबंधन ने पश्चिम बंगाल में 34 वर्षीय वाम मोर्चा शासन को हराया।

बता दें कि पिछले हफ्ते ही कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी ने ।छ्ळ्ज- गठबंधन को लेकर बड़ी बात कही थी। अधीर रंजन चौधरी का कहना था कि तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी अगले साल लोकसभा चुनाव से पहले राज्य में इंडिया में शामिल दलों के बीच गठबंधन में दिलचस्पी नहीं रखती हैं। 30 दिसंबर 2023 को मुर्शिदाबाद जिले में मीडिया से बात करते हुए चौधरी ने कहा था कि मुख्यमंत्री खुद पश्चिम बंगाल में गठबंधन नहीं चाहतीं क्योंकि उन्हें समस्याएं होंगी। उन्होंने ही गठबंधन की संभावना को खत्म कर दिया है। अगर आप उनके भाषण सुनेंगे तो पाएंगे कि वह यहां गठबंधन नहीं चाहतीं।

कांग्रेस नेता की यह टिप्पणी ममता बनर्जी की ओर से यह संकेत दिए जाने के कुछ दिनों बाद आई है जिसमें उन्होंने कहा था कि इंडिया गठबंधन का गठन केवल राष्ट्रीय स्तर पर भारतीय जनता पार्टी से मुकाबला करने के लिए किया गया है। पश्चिम बंगाल में टीएमसी ही बीजेपी से लड़ेगी, जबकि इंडिया गठबंधन देश के बाकी हिस्सों में होगा। केवल टीएमसी ही पश्चिम बंगाल में बीजेपी को मात दे सकती है और पूरे देश में दूसरों के लिए एक मॉडल स्थापित कर सकती है। अधीर रंजन चौधरी ने तब कहा कि कांग्रेस अपनी चुनावी तैयारियों के साथ आगे बढ़ रही है। हमें कोई फर्क नहीं पड़ता कि कौन हमारे साथ आ रहा है या हमें छोड़कर जा रहा है।

**महत्त्वपूर्ण**
Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006. Editor : Bhupendra Kumar (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar. Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.Regn No.RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।- दक्षिण भारत राष्ट्रमत

दर्शन



रांची में इटली की महिला हॉकी खिलाड़ी शुक्रवार को रांची के जगन्नाथपुर मंदिर में भगवान बलभद्र, सुधरा और जगन्नाथ की प्रतिमा के दर्शन करने पहुंची। टीम ने एफआईएच हॉकी पेरिस ओलंपिक 2024 क्वालीफायर पर अपनी जीत के लिए प्रार्थना की।



# भगवान राम को सोने का धनुष किया जाएगा भेंट

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

लखनऊ/भाषा। अयोध्या में 22 जनवरी को राम लला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पूर्व भगवान राम को 23 कैरेट सोने का धनुष भेंट किया जाएगा। ढाई किलोग्राम वजनी इस धनुष के निर्माण में करीब सात सौ ग्राम सोने का इस्तेमाल किया गया है। यह धनुष अयोध्या स्थित अमावा राम मंदिर द्वारा श्री राम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को सौंपा जाएगा।

अयोध्या के अमावा राम मंदिर के ट्रस्टी शायन कुणाल ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, 22 जनवरी को अयोध्या में राम लला (भगवान राम) की 'प्राण प्रतिष्ठा' से पहले हम उन्हें भेंट करने के लिए सोने का धनुष और तीर बनवा रहे हैं। श्री राम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को 19 जनवरी को यह दान कर दिया जाएगा। शायन कुणाल ने कहा, धनुष को उसी प्रकार निर्मित करवाया गया है जैसा वाल्मिकी रामायण में उद्धृत है। इसमें विभिन्न तीरों का भी वर्णन है। पिछले 200 सालों से इस क्षेत्र में कार्यरत चेन्नई के कुशल कारीगर समुदाय के कारीगरों द्वारा यहां इस धनुष को बनाया गया है। उन्होंने बताया कि इस धनुष को बनाने में 23 कैरेट सोने का उपयोग किया गया है और 2.5 किलोग्राम वजनी धनुष को बनाने में लगभग 600-700 ग्राम सोना इस्तेमाल किया गया है। उन्होंने कहा कि धनुष बनाने में लगभग दो महीने का समय लगा है।

मेला



कोलकाता में शुक्रवार को भारत के विभिन्न हिस्सों से तीर्थयात्री गंगासागर मेले के लिए बाबूघाट ट्रांजिट कैंप जाते हुए।

# महामारी के बाद पहली बार उत्तर कोरिया रूसी पर्यटकों के लिए अपनी सीमाएं खोलेगा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

सियोल। कोविड-19 महामारी के चलते 2020 में लॉकडाउन लगाए जाने के बाद पहली बार उत्तर कोरिया रूसी पर्यटकों के लिए अपनी सीमाएं खोलेगा।

रूस सरकार संचालित 'तास' समाचार एजेंसी द्वारा बुधवार को प्रसारित खबर रूस और उत्तर कोरिया के बीच बढ़ते सहयोग को उजागर करती है। पिछले साल सितंबर में रूस के सुदूर पूर्व में एक 'कॉस्मोड्रोम' में उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच हुई बैठक के बाद पर्यटकों की यात्रा शुरू होने वाली है।

'तास' की खबर में पर्यटकों की यात्रा के समय के बारे में नहीं बताया गया है लेकिन विश्लेषकों को इससे हैरानी हुई है जिन्होंने उम्मीद जताई की थी कि उत्तर कोरिया महामारी के बाद पहले चीनी पर्यटकों के लिए अपनी सीमाएं खोलेगा। उत्तर कोरिया का सबसे करीबी मददगार और सहयोगी चीन है।

'तास' की खबर के मुताबिक पर्यटक पूर्वी तट पर उत्तर कोरिया के 'मासिक पास' की यात्रा करेंगे, जहां देश का सबसे आधुनिक 'स्की रिसॉर्ट' स्थित है। इसमें कहा गया है कि यह यात्रा रूस के प्राइमरी क्षेत्र के गवर्नर ओलेग कोझेमायाको और उत्तर कोरियाई अधिकारियों के बीच हुए समझौते के तहत आयोजित की गई है।किम-पुतिन की शिखर वार्ता के बाद से द्विपक्षीय आदान-प्रदान के तहत आर्थिक संबंधों को बढ़ावा देने पर बातचीत के लिए कोझेमायाको ने दिसंबर में उत्तर कोरिया की राजधानी प्योंगयांग की यात्रा की। यात्रा से पहले उन्होंने रूसी मीडिया से कहा था कि उन्हें पर्यटन, कृषि और व्यापार सहयोग पर चर्चा की उम्मीद है। किम-पुतिन की शिखर वार्ता ने इस धारणा को बल दिया कि उत्तर कोरिया उच्च तकनीक वाली रूसी हथियार प्रौद्योगिकियों के बदले में यूक्रेन में युद्ध के लिए रूस को पारंपरिक हथियारों की आपूर्ति कर रहा है।

अमेरिका ने पिछले सप्ताह कहा था कि उसके पास इस बात के सबूत हैं कि रूस ने यूक्रेन पर उत्तर कोरिया द्वारा प्रदत्त अतिरिक्त मिसाइलें दागीं। अमेरिका, दक्षिण कोरिया, जापान और अन्य देशों ने एक संयुक्त बयान जारी कर मिसाइल मुहैया कराए जाने की निंदा की। उत्तर कोरिया महामारी के दौरान लगाए गए प्रतिबंधों को कम कर रहा है और लॉकडाउन तथा लगातार अमेरिकी प्रतिबंधों से तबाह हुई अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने के प्रयासों के तहत अपनी अंतरराष्ट्रीय सीमाओं को खोल रहा है।

सियोल के 'कोरिया इंस्टीट्यूट फॉर नेशनल यूनिफिकेशन' के पूर्व अध्यक्ष कोह यू-ह्वान ने कहा, उत्तर कोरिया के लिए पर्यटन अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंध व्यवस्था के तहत विदेशी मुद्रा अर्जित करने का सबसे आसान तरीका है। उन्होंने उम्मीद जताई कि आगामी दिनों में उत्तर कोरिया चीनी पर्यटकों को भी प्रवेश देगा।

## नई पीढ़ी के अभिनेता हिंदी में लिखी पटकथा के संवाद नहीं पढ़ सकते : जावेद अख्तर

नई दिल्ली। वरिष्ठ गीतकार एवं लेखक जावेद अख्तर का कहना है कि उन्हें आज की नई पीढ़ी के अभिनेताओं के लिए रोमन लिपि में हिंदी संवाद लिखना पड़ता है क्योंकि 'वे इसके अलावा कुछ और नहीं पढ़ सकते।

इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में बृहस्पतिवार की शाम 'हिंदी और उर्दू: सियामीज़ टवीन्स' सत्र का आयोजन किया गया। सीडी देशमुख सभागार में हुए इस समारोह में 79 वर्षीय शायर अख्तर ने कहा, फिल्म उद्योग में हम नई पीढ़ी के अधिकतर कलाकारों के लिए रोमन (अंग्रेजी लिपि) में (हिंदी) संवाद लिखते हैं, क्योंकि वे इसके अलावा कुछ और नहीं पढ़ सकते।

प्रोफेसर आलोक राय के साथ बातचीत में जावेद अख्तर ने कहा कि भाषा एक क्षेत्र की होती है और इसका धर्म से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने कहा ''हिंदी और उर्दू का अलगाव स्वीकार किए करीब 200 बरस हो गए लेकिन वे हमेशा एक रही हैं। पूर्ववर्ती पूर्वी पाकिस्तान के बंगाली कहते थे 'हम मर जाएंगे लेकिन उर्दू नहीं पढ़ेंगे, हमें अन्य देश (बांग्लादेश) चाहिए। ये 10 करोड़ लोग कौन थे, क्या वे उर्दू बोलते थे?'' जावेद अख्तर ने कहा ''क्या पश्चिम एशिया में अरब उर्दू बोलते हैं ? उर्दू केवल भारतीय उपमहाद्वीप की भाषा है। इसका मजहब से कोई लेना-देना नहीं है।

# साढ़े सात साल बाद भारतीय वायुसेना के लापता हुए एएन-32 विमान का मलबा मिला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। भारतीय वायुसेना के एक परिवहन विमान का मलबा लगभग साढ़े सात साल बाद बंगाल की खाड़ी में करीब 3.4 किलोमीटर की गहराई पर मिला है। लापता हुए इस विमान में 29 कर्मी सवार थे।

रक्षा मंत्रालय ने कहा कि हाल ही में राष्ट्रीय समुद्र प्रौद्योगिकी संस्थान के ऑटोनॉमस अंडरवाटर व्हीकल (एयूवी) द्वारा ली गई तस्वीरों की जांच से पता चला है कि चेन्नई तट से 310 किमी दूर समुद्र में मिला मलबा एएन-32 विमान का है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, तस्वीरों की पड़ताल की गई जो एएन-32 विमान के अनुरूप पाई गईं। संभावित दुर्घटना स्थल पर यह खोज, इस क्षेत्र में किसी अन्य विमान के लापता होने की कोई खबर न होने से, संभवतः भारतीय वायुसेना के दुर्घटनाग्रस्त एन-32 विमान का मलबा होने की ओर इशारा करती है। पंजीकरण संख्या के-2743 वाला भारतीय वायुसेना का एएन-32 विमान 22 जुलाई 2016 को एक अभियान के दौरान बंगाल की खाड़ी के ऊपर लापता हो गया था। विमान में 29 कर्मी सवार थे।

इस विमान की खोज में बड़ा अभियान चलाया गया था जिसमें कई विमान और जहाज लगाए गए थे, लेकिन न तो लापता विमान के मलबे का पता चला और न ही विमान में सवार कर्मियों का पता चल पाया।

राष्ट्रीय समुद्र प्रौद्योगिकी संस्थान पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के अधीन कार्य करता है। इसने लापता हुए एएन-32 विमान के अंतिम ज्ञात स्थान पर गहरे समुद्र में हाल ही में अन्वेषण क्षमता वाला एक एयूवी तैनात किया था। रक्षा मंत्रालय ने कहा, यह खोज मल्टी-बीम सोनार (साउंड नेविगेशन एंड रेंजिंग), सिंथेटिक अपर्चर सोनार और हाई-रिज़ॉल्यूशन फोटोग्राफी सहित कई उपकरणों का उपयोग कर 3,400 मीटर की गहराई पर की गई।

इसने कहा, खोज संबंधी तस्वीरों के विश्लेषण से चेन्नई तट से लगभग 140 समुद्री मील (310 किमी) दूर समुद्र तल पर एक दुर्घटनाग्रस्त विमान के मलबे की मौजूदगी का संकेत मिला है।

# मेरा एकमात्र काम लोगों का मनोरंजन करना है : सलमान

मुंबई/एजेन्सी



बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान ने कहा कि एक अभिनेता के रूप में उनका सबसे बड़ा और एकमात्र काम लोगों का भरपूर मनोरंजन करना है। सलमान की नवीनतम रिलीज 'टाइगर 3' अब डिजिटल प्लेटफॉर्म पर स्ट्रीम हो रही है। उसी के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, टाइगर फ्रेंचाइजी को पहली फिल्म से ही सभी प्लेटफार्मों चाहे वह थियेटर हो, या सैटेलाइट भरपूर प्यार मिल रहा है। उन्होंने कहा, ''यह देखना आश्चर्यजनक लगता है कि टाइगर 3 पहले सिनेमाघरों और अब स्ट्रीमिंग पर कैसे हिट रही। उन्होंने कहा, मैं अपने सोशल मीडिया के माध्यम से अपने दर्शकों के साथ संपर्क में हूं और मैं अब टाइगर 3 के ओटीटी पर आने के बाद लोगों का प्यार देख सकता हूं।''

सलमान ने कहा, एक अभिनेता के रूप में मेरा सबसे बड़ा और एकमात्र काम लोगों का भरपूर मनोरंजन करना है और मुझे खुशी है कि टाइगर 3 को दुनिया भर के लोग पसंद कर रहे हैं। सलमान ने आगे कहा, टाइगर 3 एक ऐसी फिल्म है जो मेरे दिल के बहुत करीब है। जब यह सिनेमाघरों में हिट हो गई तो यह बेहद निजी लगा और अब यह रिलीज होने के कुछ ही दिनों के भीतर डिजिटल प्लेटफॉर्म पर हिट हो गई है।'' उन्होंने कहा, टाइगर हमेशा लोगों का मनोरंजन करने के लिए मौजूद रहेंगे। 'टाइगर 3' में कैटरीना कैफ और इमरान हाशमी भी हैं।

# दबंग से रातों-रात स्टार बनीं सोनाक्षी : शत्रुघ्न सिन्हा

मुंबई/वार्ता



बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा का कहना है कि फिल्म दबंग से उनकी पुत्री सोनाक्षी सिन्हा रातो-रात स्टार बन गयी थी। इस शनिवार, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के लोकप्रिय सिंगिंग रियलिटी शो, 'इंडियन आइडल 14', में शत्रुघ्न सिन्हा की मौजूदगी में 'सेलिब्रेटिंग शॉटगन शत्रुघ्न' प्रसारित होगा। शत्रुघ्न सिन्हा शो में धमाकेदार एंट्री करेंगे और प्रतियोगियों की मधुर परफॉर्मेंस का मजा लेंगे। इतना ही नहीं, बल्कि सभी कंटेस्टेंट्स 'खामोश खबरें' नाम के एक खास सेगमेंट में एक-दूसरे के राज़ भी खोलेंगे, जो इस 'मस्ट वॉच' वीकेंड एपिसोड में एक ताज़ा और मनोरंजक एलिमेंट जोड़ देगा।

इस अवसर पर 'महाराष्ट्र ची शान', उत्कर्ष वानखेड़े ने 'दबंग' के गाने 'चोरी किया रे जिया' और 'दबंग 2' से 'दगाबाज़ रे' जैसे गानों की खूबसूरत प्रस्तुति से लोगों का दिल जीला।उत्कर्ष के प्रदर्शन की सराहना करते हुए, शत्रुघ्न सिन्हा ने कहा,बहुत अच्छा, उत्कर्ष! शुरुआत में, मैंने सहजता, आवाज मॉड्यूलेशन, प्रतिबद्धता, आत्मविश्वास और विविधताओं के बारे में बात की थी और मैंने यह सब आप में और आपकी परफॉरमेंस में देखा।

शत्रुघ्न सिन्हा ने कहा कि उन्हें अपनी बेटी सोनाक्षी सिन्हा पर बहुत गर्व है।वर्षों के बाद, यदि कोई रातों-रात स्टार बनकर उभरा, तो सही मायने में वह दबंग की सोनाक्षी हैं, और इसके लिए मैं सलमान खान, अरबाज़ खान, सलीम खान और पूरे परिवार का बहुत आभारी हूं क्योंकि वे आए और उससे फिल्म में एक्टिंग करने के लिए कहा।शुरुआत में सोनाक्षी फिल्मों में कदम नहीं रखना चाहती थी।

उसने फैशन डिज़ाइनिंग का कोर्स पूरा किया था। लेकिन जब खान हमारे घर पर आए और कहा कि वे इस रोल के लिए सोनाक्षी को कास्ट करना चाहते हैं, और हमें आश्वासन दिया कि यह एक अच्छी भूमिका होगी, तो सोनाक्षी भी इस पर सहमत हो गईं। और वह रातों-रात स्टार बन गईं, इसमें कोई शक नहीं है। 'इंडियन आइडल सीज़न 14', इस शनिवार रात 8 बजे, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित होगा।




# राकेश मिश्रा का राम भजन 'स्वागत करो श्री राम का' रिलीज

मुंबई/वार्ता

गायक-अभिनेता राकेश मिश्रा का राम भजन स्वागत करो श्री राम का रिलीज हो गया है। राकेश मिश्रा का नया गाना स्वागत करो श्री राम का उनके ऑफिशियल यूट्यूब चैनल से रिलीज हुआ है। इस गाने के जरिए राकेश मिश्रा ने खुशी जाहिर करते हुए कहा है कि अब अयोध्या नगरी फिर से राम का धाम बन गई है। राम भजन स्वागत करो श्री राम का को लेकर राकेश मिश्रा ने कहा कि यह गाना आम जनमानस में भगवान श्री राम के आगमन पर पुलकित करने वाला है। अयोध्या नगरी अब भगवान श्री राम के आगमन से फिर से जगमगाने लगी है। उन्होंने कहा कि भगवान राम की वापसी पर मैं देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी का भी आभार व्यक्त करना चाहूंगा, जिनके प्रयासों से मंदिर का निर्माण संभव हो सका और करोड़ों राम भक्त की इच्छाएं पूरी हुई और देश एक बार फिर से राममय हो गया है। यही वजह है कि हमने अपना यह गाना रिलीज किया है और आम जनमानस से भगवान श्री राम के स्वागत को आग्रह किया है। हम तमाम भक्त जनों से आग्रह करेंगे कि आप हमारे इस गाने को खूब वायरल करें और आप इस पर अपना रील बनाकर भी पोस्ट करें।

# 'किलर सूप' का अनुभव प्याज की परतों को छीलने जैसा : मनोज बाजपेयी

मुंबई/एजेन्सी

एक्टर मनोज बाजपेयी, जो डार्क कॉमेडी थ्रिलर फिल्म 'किलर सूप' में नजर आ रहे हैं, ने साझा किया कि यह शो सिर्फ एक बार देखने के लिए नहीं है, और यह प्याज की परतों को छीलने जैसा है, इसमें खोजने के लिए हमेशा कुछ न कुछ होता है। वर्सेटाइल एक्टर ने कहा कि वह इसका हिस्सा बनकर भाग्यशाली हैं। कोंकणा सेन शर्मा स्टारर एक हेडलाइन न्यूज से प्रेरित, और मनोज एक महत्वाकांक्षी गृहिणी की मनोरंजक कहानी का वर्णन करते हैं जो एक रेस्तरां के मालिक होने और सूप रेसिपी को सही करने के अपने सपने का पीछा करती है, लेकिन झूठ और कवर-अप के जाल में फंस जाती है।

एक्टर ने दर्शकों से सीरीज को बार-बार देखने का आग्रह किया है, और एक बेहतर मनोरंजन अनुभव के लिए प्रत्येक एपिसोड का आनंद लेने के महत्व पर जोर दिया है। मनोज ने कहा, 'किलर सूप' सिर्फ एक बार देखने वाली फिल्म नहीं है। सीरीज में की गई कलात्मकता और प्रयास की वास्तव में सराहना करने के लिए, मैं दर्शकों से इसे कम से कम तीन बार देखने का आग्रह करता हूं। हर बार देखने से नई अनुभूतियां सामने आएंगी और पात्रों और उनके संकल्पों के साथ गहरा संबंध बनेगा।'



प्रभाकर 'प्रभु' शेट्टी और उमेश शेट्टी की दोहरी भूमिका निभाने वाले मनोज ने साझा किया, ''यह प्याज की परतों को छीलने जैसा है, इसमें खोजने के लिए हमेशा कुछ न कुछ होता है। कहानी और पात्रों में बहुत सारे सूक्ष्म तत्व हैं, जिन पर यदि आप बारीकी से ध्यान नहीं देंगे तो आप चूक सकते हैं। हर कहानी अपने किरदार खुद चुनती है। मैं इस प्रोजेक्ट का हिस्सा बनने के लिए भाग्यशाली हूं।' अभिषेक चौबे द्वारा निर्देशित, सीरीज प्यार, वासना, रोमांच और रहस्य का एक सम्मोहक मिश्रण का वादा करती है, जो गहरे हास्य से भरपूर है, जो इसे अलग करती है। इसके केंद्र में स्वाति शेट्टी हैं, जो चालीस के दशक की एक महिला हैं, जिसका किरदार कोंकणा ने निभाया है। 'किलर सूप' नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीमिंग हो रही है।

# ठाणे में अभिनेत्री नयनतारा के खिलाफ मामला दर्ज

ठाणे/भाषा

महाराष्ट्र के ठाणे जिले में पुलिस ने अभिनेत्री नयनतारा सहित आठ लोगों के खिलाफ इस आरोप के चलते मामला दर्ज किया है कि उनकी हाल ही में रिलीज हुई फिल्म 'अन्नपूर्णी' के कुछ दृश्यों को लेकर हिंदुओं की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। शुक्रवार को एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। मीरा-भयंदर के निवासी 48 वर्षीय शिकायतकर्ता ने नया नगर पुलिस थाने में अपनी शिकायत में कहा कि फिल्म 'लव जिहाद' को भी बढ़ावा देती है। फिल्म को नेटफ्लिक्स से हटा दिया गया है। नया नगर पुलिस थाने के प्रभारी (एसएचओ) ने कहा कि बृहस्पतिवार को अभिनेत्री एवं निर्माता नयनतारा सहित आठ लोगों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 153-ए (विभिन्न समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देना), 295-ए (धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के इरादे से जानबूझकर और दुर्भावनापूर्ण कृत्य) और 505 (2) (पूजा स्थल पर किया गया अपराध) 34 (साझा मंशा) (दोनों को मिला कर पढ़ा जाए) के तहत मामला दर्ज किया गया। मुंबई पुलिस ने बृहस्पतिवार को कहा कि दो दक्षिणपंथी संगठनों के कार्यकर्ताओं ने नयनतारा और फिल्म से जुड़े अन्य लोगों के खिलाफ अलग-अलग शिकायतें दर्ज की थीं, जिनमें आरोप लगाया गया कि इसमें कुछ दृश्य हिंदुओं की धार्मिक भावनाओं को आहत करते हैं। एक अधिकारी ने बताया बजरंग दल के कार्यकर्ताओं द्वारा दो दिन पहले पश्चिमी उपनगर के ओशिवारा पुलिस थाने में एक शिकायत दर्ज कराई गई थी और इस संबंध में जांच चल रही है। एक अधिकारी ने बताया कि दूसरी शिकायत हिंदू आईटी सेल के संस्थापक रमेश सोलंकी द्वारा दक्षिण मुंबई के लोकमान्य तिलक मार्ग पुलिस थाने में दर्ज कराई गई । सोलंकी ने आरोप लगाया है कि फिल्म में भगवान राम की गरिमा को कमतर किया गया है और इसे जानबूझकर हिंदुओं की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के लिए रिलीज किया गया है।



www.dakshinbharat.com
epaper.dakshinbharat.com
RNI No. : TNHIN/2013/52520
Regn No. : TN/CCN/613/2014-2016
posted at Patrika Channel,
Egmore RMS, Chennai-8

अहिंसा धर्म परमात्मा का धर्म है। जहां पर अहिंसा है, वहां पर अमृत है, जहां पर हिंसा है वहां पर विष है, जहां पर अहिंसा की प्राण-प्रतिष्ठा होती है वहां का वातावरण भय मुक्त हो जाता है। परमात्मा में परमाणुओं का दिव्य प्रभाव हुआ करता है, बकरी और शेर भी एक साथ बैठकर निर्भय होकर परमात्मा की वाणी को श्रवण करते थे। जहां पर अहिंसा, करुणा और मानवता की भावना होती है वहां पर उनका जीवन धन्य हो जाता है। अहिंसा की प्रतिमूर्ति थी साध्वीश्री यंशकवरजी।



# नि:शुल्क प्लास्टिक सर्जरी शिविर का हुआ आयोजन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। यहां भारतीय जैन संगठन (बीजेएस) चेन्नई और राजस्थानी एसोसिएशन तमिलनाडु (रजत) द्वारा 11 और 12 जनवरी को ट्रिनिटी एक्यूट केयर हॉस्पिटल मायलापुर चेन्नई में प्लास्टिक फ्री सर्जरी शिविर का आयोजन किया गया। ये सर्जरी स्वर्गीय डॉ. शरद कुमार दीक्षित की स्मृति में अमेरिका के प्रसिद्ध प्लास्टिक सर्जन डॉ. लैरी विंस्टीन द्वारा की गईं। वह मशहूर प्लास्टिक सर्जन की याद में ये कैंप आयोजित करते हैं।

बीजेएस ने शिविर के लिए डॉ. आर. जयचंद्रन और डॉ. अविनाश की पूरी हॉस्पिटल टीम के समर्थन को आभार किया। उद्घाटन कार्यक्रम प्रार्थना के साथ शुरू हुआ जहां बीजेएस टी एन के अध्यक्ष रमेश पटवारी ने बीजेएस की ओर से स्वागत किया। राज्य प्रमुख प्लास्टिक सर्जरी एवं शिविर प्रभारी अजय नाहर ने बताया कि कटे होंठ, तालू अटक जाना, तालू में कप बन जाना, जीभ फंस जाना, नाक की विकृति, चेहरे, जबड़े, कान एवं सिर की जन्मजात विकृति से पीड़ित सभी लोगों की नि:शुल्क सर्जरी की गई। बीजेएस चेन्नई के अध्यक्ष आकांश जैन ने सभी बीजेएस टीमों और स्वयंसेवकों के प्रयासों की सराहना की और ऑटो प्रेस मीडिया ऑनलाइन और ऑफलाइन आदि के साथ अभियान चलाने के बारे में जानकारी दी। पूरे तमिलनाडु एवं केरल और दक्षिण से मरीज पहुंचे।

राजेंद्र दुगड़ एवं दौलतराज बांठिया ने सभी दानदाताओं को उनके आर्थिक सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। सचिव नरेन्द्र जैन ने सभी मरीजों एवं टीम को धन्यवाद दिया। ट्रिनिटी एक्यूट केयर हॉस्पिटल के डॉ. आर जयचंद्रन और डॉ. अश्विन की विशेष सराहना, जिनके सहयोग के बिना यह शिविर बिल्कुल भी संभव नहीं था। इस कैंप में डॉ प्रीति, डॉ हर्षी, डॉ मनीष जैन, डॉ रोहित, डॉ माधवन, डॉ राजा पुरी टीम इस कैंप में पूरा सहयोग रहा।

सुभाष रांका, अशोक मुंद्रा, मंगलचंद तातेड़, नरेंद्र श्रीश्रीमाल, मद्रास किराना मर्चेंट एसोसिएशन के रवींद्र जैन, विनोद नायर, जीतू दोशी और कई अन्य व्यक्ति जैसे कई परोपकारी शामिल हुए और शिविर के स्वयंसेवकों को प्रोत्साहित किया।

शिविर बिना किसी जाति और धर्म के मतभेद के आयोजित किया गया। इस शिविर को सफल बनाने के लिए बीजेएस तमिलनाडु प्लास्टिक सर्जरी के राज्य प्रमुख अजय नाहर, उपाध्यक्ष दौलत राज बांठिया, पूर्व तमिलनाडु अध्यक्ष राजेंद्र दुगड़, बीजेएस चेन्नई अध्यक्ष- आकांश, सचिव- नरेंद्र सांघवी राखी वाला, उषा बोहरा, सुरभि बैद, कुशल राज बांठिया, गौतम जी वेद, महावीर परमार, महावीर बोहरा, नवीन सुराणा, दिनेश तातेड़, पारुल अग्रवाल, राजस्थानी एसोसिएशन के अध्यक्ष मोहनलाल बजाज, सचिव देवराज आच्छा, परवीन टाटीया, रिखबचंद बोहरा, गौतम नाहर, ज्ञान कोठारी एवं अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन ने 11 और 12 जनवरी को नि:शुल्क प्लास्टिक सर्जरी शिविर में भाग लिया। कमल किशोर तातेड के धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक और शिविर समाप्त हुआ।






# वैष्णव महाविद्यालय में मनाया गया पोंगल का त्योहार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। यहां अरुम्बाक्कम में स्थित द्वारकादास गोवर्धनदास वैष्णव महाविद्यालय में शुक्रवार को कॉलेज प्रांगण में स्थित मंदिर में विधिवत गौ पूजा एवं अर्चना के साथ पोंगल त्योहार की शुरुआत हुई। सभी देवी देवताओं का सुन्दर श्रृंगार किया गया। गांव की झांकी को विभिन्न विभागों ने बनाई। पारंपरिक तरीके से 'पोंगल फ़ेस्ट' का आयोजन किया गया। 40 से भी अधिक चूल्हों पर पारंपरिक तरीके से टीमों ने पोंगल बनाया। महाविद्यालय के सचिव अशोक कुमार मूँधड़ा एवं कॉलेज के प्राचार्य डॉ एस सन्तोष बाबू स्वयं सुबह से उपस्थित रहकर पूजा एवं पोंगल के कार्यक्रम को निर्देशित किए। पोंगल फ़ेस्ट की संयोजक प्रो जयदीप और डॉ उमापति ने सभी प्रतिभागियों को सभी सारी चीज़ें मुहैया करवाई। लगभग 45 टीमों ने विभिन्न तरीके से रंगोली बनाई जिसमें विजेता को पुरस्कृत भी किया गया।

इस अवसर पर कॉलेज में काम करने वाले सभी सफाई कर्मचारियों, सुरक्षा गार्ड और जरूरतमन्द लोगों को सचिव, कोषाध्यक्ष और प्राचार्य के द्वारा पोंगल किट वितरित की गई जिसमें पोंगल त्योहार मनाने के सभी समान और गन्ना भी दिया गया।

इसके पश्चात कॉलेज के प्रेक्षागृह में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे ए एम एन ग्रुप के निदेशक डॉ आर जे रामनारायन ने पोंगल की बधाई देते हुए सभी युवाओं को अपनी संस्कृति और सभ्यता से जुड़े रहने की बात कही। कॉलेज के छात्र छात्राओं ने नृत्य एवं अनेक म्यूज़िकल कार्यक्रम देकर पोंगल फेस्ट को एक नई ऊंचाई तक पहुंचाया।

अर्थशास्त्र की शिक्षिका मंदिरा दत्ता ने बेहतरीन तरीके से तैयारी करवाई थी।

प्राचार्य डॉ सन्तोष बाबू ने कहा की वैष्णव कॉलेज की यह परंपरा रही है की हम सभी त्योहारों को धूमधाम से मनाते हैं जिससे आने वाली पीढ़ी अपने संस्कारों से जुड़ी रहे। पोंगल तमिलनाडू का सबसे बड़ा त्योहार है और इसे हमे पारंपरिक तरीके से मनाना चाहिए।

# विश्व हिन्दी दिवस पर सम्मानित हुए ईश्वर करुण

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। दक्षिण भारत में हिन्दी के प्रचार-प्रसार के लिए चर्चित हिन्दी साहित्यकार ईश्वर करुण की हिन्दी सेवा उल्लेखनीय रही है। राजभाषा हिन्दी के श्रेष्ठ फैकल्टी के रूप में या फिर हिन्दी शिक्षण-प्रशिक्षण के लिए लोकप्रिय शिक्षक के रूप में या फिर दक्षिण में हिन्दी पत्रकारिता के विस्तारक के रूप में या फिर देश के बहुचर्चित गीतकार के रूप में ईश्वर करुण की ख्याति रही है, दर्जनभर पुस्तकों के रचयिता भी रहे हैं। इस वर्ष विश्व हिन्दी दिवस के विशेष अवसर पर राज्यसभा के प्रखर सांसद राकेश सिन्हा ने बिहार के बेगूसराय में श्री ईश्वर करुण को विशेष रूप से अपने आवास पर सम्मानित किया। करुण का परिचय प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता अमिय कश्यप ने दिया। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता सहित दर्जनों बुद्धिजीवी उपस्थित थे।



# नाकोड़ा जैन युवक संघ की नई टीम का गठन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कोयम्बटूर।** कोयम्बटूर के नाकोड़ा जैन युवक संघ की नई कार्यकारिणी गठित की गई। जिसमें विकास धारीवाल को अध्यक्ष, नरेश श्रीश्रीमाल को उपाध्यक्ष, विकास भंसाली को सचिव, विशाल मुथा को कोषाध्यक्ष एवं मुकेश छाजेड़ को सहकोषाध्यक्ष बनाया गया। साथ ही कार्यकारिणी समिति में तत्कालीन अध्यक्ष सुरेश नाहर के सहित शुभम सालेचा, दिनेश पारख, नवरतन सालेचा, दिनेश श्रीश्रीमाल, कांतिलाल धारीवाल, जितेंद्र तातेड, यश श्रीश्रीमाल, प्रवीण धारीवाल, हितेश छाजेड आदि को चुना गया है।



# साधु संघ हमारे समाज की अनमोल संपत्ति हैं

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कोयंबटूर। यहां श्री कोयंबटूर जैन श्वेताम्बर खरतरगच्छ संघ के तत्वावधान में आचार्यश्री जिनमणिप्रभसूरि महाराज के शिष्य गणिवर्य श्री मेहुलप्रभसागर म. एवं मुनिश्री मंथनप्रभसागर म. का पावन मंगल प्रवेश स्थानीय संबंधम रोड स्थित खरतरगच्छ भवन में उल्लासपूर्वक भक्तिगीतों के गायन के साथ संपन्न हुआ। यहां धर्मसभा में गणिवर्य मेहुलप्रभसागर ने कहा कि आज हम परम सौभाग्यशाली हैं कि परमात्मा महावीर को 2550 वर्ष जितना लम्बा समय व्यतीत हो जाने पर भी उनकी वाणी हमारे पास है। जिनवाणी से बडी दूसरी कोई संपदा नहीं है। यह आचार्यों की परम्परा का उपकार है। परमात्मा महावीर के पट्ट पर आर्य सुधर्मा विराजमान हुए।

उन्होंने कहा कि परमात्मा ने श्रावकों की महिमा इसलिए गाई क्योंकि श्रावक भी चतुर्विध संघ का महत्वपूर्ण घटक है। उनकी साधना हमें प्रेरणा देती है कि जब श्रावक ऐसी कठोर साधना कर सकता है तो साधुओं को कितनी कठोर साधना करनी चाहिये। श्रावकों को प्रेरणा मिलती है कि हमारे पूर्वज श्रावक कितनी कठोर साधना करते थे तो हमें भी साधना के मार्ग पर आगे बढना चाहिये। उन्होंने कहा कि साधु संघ हमारे समाज की अनमोल संपत्ति हैं। साधुओं का केवल प्रवचन ही नहीं, अपितु जीवन भी अनुकरणीय होता है। इसलिये साधुओं को बहुत सावधानी से जीवन जीना होता है। उन्हें अपनी आत्म शुद्धि के लिये साधना का जीवन जीना होता है। तो धर्म के प्रति सकल संघ की श्रद्धा को मजबूत करने के लिए उन्हें व्यावहारिक विवेक का उपयोग भी प्रतिक्षण करना होता है।

उन्होंने कहा कि दूसरों को देकर जो आनंद प्राप्त किया जाता है, वह अनूठा और चिरस्थायी होता है। समाज का अर्थ है- एक दूसरे का पूर्ण रूप से सहयोग करना। आज धर्मसभा में प्रदेश युवक परिषद अध्यक्ष दीपक नाहटा ने जानकारी देते हुए बताया कि 13 जनवरी को खरतरगच्छ भवन में सुबह 9 बजे धर्मसभा का आयोजन किया जायेगा। जिसमें जिनालय में बिराजमान होने वाली प्रतिमाओं के निर्माण का लाभ विविध श्रावकों को दिया जायेगा। माणक मेवा परिवार की ओर से कार्यक्रम दीपक जलाकर जाजम बिछाकर प्रारंभ किया जायेगा। पूनमचंद झाबक ने कहा कि गुरु भगवंतों का आगमन जीवन में कल्याण का अवसर लेकर आता है। हमें इन गुरु भगवंतों से जीवन की शिक्षा को प्राप्तकर प्रगति करनी है। धर्मसभा में अनेक लोग उपस्थित थे। जिनका संघ द्वारा स्वागत किया गया। जाजम बिछाने के लाभार्थी परिवार सुरेंद्र कुमार, बसंत कुमार, सुनील कुमार रांका रहा और लाभार्थी परिवार के सुनील कुमार और विनय वनती रांका का संघ द्वारा समान किया गया। स्वागत गीतिका महिला परिषद के प्रेमा गोलेछा, रेखा कोठारी, विनय वनती रांका, सोनू बोथरा, स्वेता लोढ़ा, भारती वैद और अन्य ने प्रस्तुति दी। अंत में मांगलिक सुनाकर मुनिश्री ने सबको आशीर्वाद दिया। संचालन गौतमचंद ने किया धन्यवाद युवक परिषद के अध्यक्ष प्रकाश बोथरा ने दिया।

# पुण्य हमेशा शुभ फल देय तथा धन को सत्कार्य में लगाता है : साध्वी आगमश्री



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के त्यागराजनगर के वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ में विराजित साध्वीश्री आगमश्रीजी ने अपने जीवन को सार्थक बनाने के लिए चार माइलस्टोन व स्तंभों के बारे में विस्तार से बताया। उन्हों कहा कि पहला पाप कभी माफ नहीं करता। जितना भी जैसा भी हम कार्य करेंगे,वैसा ही हमें फल मिलेगा। पापों भरी जिंदगी हमें जीना नहीं है। दूसरा पुण्य कभी हमेशा शुभ करता यानी जैसा भी पुण्य हो वह आगे जाकर हमें शुभ ही फल देगा, तो हमारा धन भी सतकार्य मे लगेगा तो वह भी बढ़ेगा। तीसरा झूठ कभी इंसाफ नहीं देता, हम एक सच को दबाने के लिए सौ झूठ हजार झूठ बोल रहे हैं तो वह कभी भी आपको न्याय नहीं देगा। चौथा धर्म कभी मूड ऑफ नहीं करता। हमारा मूड ऑफ हो जाए तो धर्म स्थान में चले जाओ तो आपका मूड फ्रेश हो जाएगा। साध्वीश्री ने कहा कि ये चार माइलस्टोन अगर आप अपने जीवन में उतार ले तो आपका जीवन सफल हो जाएगा।

साध्वीश्री धैर्याश्रीजी ने कहा कि हमारी अध्यात्म की डिग्री हमें प्रेरित करती है मैनेज टंग इफेक्टिवली के लिए अर्थात जुबान का सही सदुपयोग करो, सोच समझ कर करो। साध्वीश्री ने कहा कि आज हमें तीन फैक्ट्रियां खोलना है। आइस फैक्ट्री यानी दिमाग को ठंडा रखो। शुगर फैक्ट्री यानी जुबान से मीठा बोलो। स्नेह फैक्ट्री यानी सबके साथ स्नेह से प्रेम से मैत्री भाव से रखो, तो ही हमारी जुबान का सही सदुपयोग है।

## आमंत्रण — दक्षिण भारत राष्ट्रमत



कोयम्बटूर में आरएसएस के अजय घोष, सुनील जैन लक्ष्मण ऑडिटर जेपाराम चौधरी, माया जैन, किशोर जैन ने शहर के विभिन्न घरों में जाकर राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का आमंत्रण पत्र एवं पवित्र अक्षत का वितरण किया।

## मंगल विहार — दक्षिण भारत राष्ट्रमत



मायावरम् के जैन स्थान में विराजित साध्वीश्री सुधाकंवरजी म. सा. ऐतिहासिक प्रवास सम्पन्न कर काटमिनार कोइल की तरफ मंगल विहार किया। गत 5 दिसम्बर को यहां पहुंची साध्वीश्री ने नए वर्ष का महामांगलिक, बालसंस्कार शिविर, साध्वीश्री सुयशाश्रीजी को प्रवचन वारिधी की उपाधि अलंकरण दिया गया। संघ अध्यक्ष किशोर तातेड ने इस सफलतम प्रवास के लिए श्री संघ के प्रत्येक सदस्य को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन मनोज जैन ने किया।

# राम मंदिर समारोह के लिए महाकालेश्वर मंदिर भेजेगा पांच लाख लड्डू : यादव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

भोपाल/भाषा। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने शुक्रवार को कहा कि राज्य 22 जनवरी को राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर से पांच लाख लड्डू अयोध्या भेजेगा। मुख्यमंत्री और अन्य मंत्रियों ने स्वामी विवेकानंद की जयंती पर मनाए गए राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर एक स्कूल में एक कार्यक्रम के दौरान 'सूर्य नमस्कार' और योग किया।



पत्रकारों से यादव ने कहा, हम 22 जनवरी को राम मंदिर के अभिषेक समारोह के लिए प्रसिद्ध महाकालेश्वर मंदिर, उज्जैन से पांच लाख लड्डू अयोध्या भेजने जा रहे हैं। यादव ने कहा कि मुगल बादशाह बाबर ने अयोध्या में मंदिर तोड़ा था। उन्होंने सवालिया अंदाज में कहा कि अब जब इसका पुनर्निर्माण हो गया है तो इस अवसर का जश्न मनाने में मध्य प्रदेश कैसे पीछे रह सकता है। उन्होंने कहा कि केंद्र द्वारा प्रदान की जाने वाली विशिष्ट तिथियों पर विभिन्न राज्यों से लोगों को राम मंदिर में दर्शन के लिए अयोध्या भेजा जाएगा। राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद का जीवन प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा, हमारा सौभाग्य है कि भारत में दुनिया की सबसे ज्यादा युवा आबादी है। उन्होंने कहा कि सौ साल पहले स्वामी विवेकानन्द ने घोषणा की थी कि 21वीं सदी भारत की होगी। यादव ने कहा कि भारत कई बड़ी उपलब्धियां हासिल कर रहा है। उन्होंने कहा कि चंद्रयान से लेकर गगनयान तक और यहां तक कि सूर्य का अध्ययन करने के लिए भारत का पहला अंतरिक्ष-आधारित मिशन, आदित्य एल-1 अंतरिक्ष यान भी देश की सफलता की कहानी कहता है।

# 'न्यायालय के फैसले के बाद प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने में कोई झिझक नहीं होनी चाहिए'

नई दिल्ली/भाषा। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कर्ण सिंह ने शुक्रवार को कहा कि अयोध्या में भूमि विवाद के मामले में उच्चतम न्यायालय का फैसला आने के बाद अब 22 जनवरी को होने वाले राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने में कोई झिझक नहीं होनी चाहिए।

सिंह ने एक बयान में यह भी कहा कि उन्हें ''ऐतिहासिक प्राण प्रतिष्ठा समारोह'' के लिए निमंत्रण मिला है, लेकिन वह स्वास्थ्य कारणों से इसमें शामिल नहीं हो पाएंगे। उन्होंने कहा कि इस समारोह का जश्न दुनिया भर में लगभग एक अरब हिंदुओं द्वारा मनाया जाएगा। सिंह ने कहा, राम मंदिर निर्माण के लिए 11 लाख रुपए का व्यक्तिगत दान दिया है और एक रघुवंशी के रूप में इस समारोह में शामिल होना बहुत खुशी की बात होगी। अफसोस की बात है कि 93 साल की उम्र के करीब पहुंचने के साथ मेरे लिए स्वास्थ्य आधार पर ऐसा करना संभव नहीं होगा।




# कुश्ती चैम्पियनशिप में कर्नाटक के खिलाड़ियों ने फहराया परचम

हुब्बल्ली/दक्षिण भारत। इरोड में आयोजित दक्षिण भारत वरिष्ठ कुश्ती चैम्पियनशिप में कर्नाटक के खिलाड़ियों ने 8 स्वर्ण व 2 सिल्वर पदक अर्जित किए। पहले दिन फ्रीस्टाइल कुश्ती का आयोजन किया गया जिसमें कर्नाटक राज्य के कुश्तीबाजों ने अनेक पदक जीते। कर्नाटक कुश्ती एसोसिएशन के अध्यक्ष बी. गुणरंजन शेट्टी ने विजेताओं को पुरस्कार वितरण किया। दक्षिण भारत कुश्ती फेडरेशन के मंत्री वीएन प्रसूद, कार्यकारी निदेशक लोगननाथन, उपाध्यक्ष जे श्रीनिवास, सहमंत्री के कुमार, टेक्निकल कमेटी के विनोदकुमार पटवा ने कर्नाटक के कुश्तीबाजों को बधाई दी।

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006.
Regn No. RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520 **Editor : Bhupendra Kumar** (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar.
Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.